# हरिभूमि बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 25 जून 2024

[ बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | रतनपुर | पथरिया ]


तापमान

अधिकतम 33.4 डिग्री

न्यूनतम 27.2 डिग्री



सिटी कोतवाली चौक के पास मानसरोवर चौक की ओर जाने वाली सड़क के किनारे नाली का मेनहोल टूट गया है।


बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल
लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें:- 7400009183


# 100 से अधिक नवयुवकों और अमीरों ने बना लिया अंत्योदय तो रेलवे और निगम कर्मियों के नाम पर बीपीएल कार्ड

» एपीएल को बीपीएल में बदलकर बड़े पैमाने पर की जारी रही गड़बड़ी

» खाद्य विभाग के अधिकारी साधे रहे चुप्पी, मिलीभगत की आशंका

अलग खबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गरीबी रेखा का राशन कार्ड बनाने के मामले में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी का मामला अभी शांत नहीं हुआ था तो अब महागरीबी वाले कार्ड पूरी तरह से फर्जी बना दिए गए हैं। दरअसल अंत्योत्य कार्ड उनका बनता है तो 60 साल से अधिक की उम्र के होते हैं, विधवा महिला या अंत्यत गरीब श्रेणी के होते हैं। लेकिन खाद्य विभाग ने कमाल करते हुए नव युवकों के भी अंत्योत्य कार्ड बना दिए हैं। ऐसा एक दो नहीं बल्कि 40 से अधिक कार्ड बनाए गए हैं और वे भी एक ही राशन दुकान से। इसके साथ ही रेलवे और नगर निगम कर्मचारियों के भी करीब 100 से अधिक बीपीएल कार्ड भी बना दिए गए हैं।

शहर में ही 2000 से अधिक एपीएल से बीपीएल कार्ड बनाए गए हैं। शहर की ही 30 से अधिक दुकानों में यह खेल हुआ और अधिकारी चुप्पी साधे रहे। एपीएल को बीपीएल में बदलकर बीते दो साल से लाखों क्विंटल चावल व शक्कर की हेराफेरी हुई, लेकिन जांच तक नहीं की गई। खाद्य अधिकारियों ने राशन माफियाओं से मिलीभगत करते हुए एपीएल कार्ड नंबर को डिलीट कर दिया और बिना किसी दस्तावेज के उसे बीपीएल में बदलकर नया नंबर दे दिया।



### गलत तरीके से बने अंत्योदय कार्ड

दुकान नंबर 401001056 पंडित दीनदयाल उपभोक्ता भंडार

| कार्ड क्रमांक | |
|---|---|
| 223753343140 | उम्र 45 साल |
| 223753147966 | उम्र 35 साल |
| 223754073355 | उम्र 52 साल |
| 223754074514 | उम्र 59 साल |
| 223754997871 | उम्र 32 साल |
| 223754539632 | उम्र 27 साल |

### जांच कराई जाएगी

पूरे मामले में खाद्य संचालनालय की ओर से भी संज्ञान लिया गया है। प्राथमिक जांच में कुछ गड़बड़ियां मिलने के बाद एफआईआर भी कराई गई है। बाकी और जिन दुकानों के बारे में शिकायत मिल रही है उनकी भी जांच कराई जाएगी। मंत्रालय स्तर से इसके लिए टीम आने की जानकारी मिली है। खाद्य अधिकारियों से भी पूरे मामले की रिपोर्ट ली जा रही है।

- **आरए कुरुवंशी,** अतिरिक्त कलेक्टर

### रेलवे और निगम के बीपीएल कार्ड

दुकान नंबर 1086, एकता प्राथमिक सह उपभोक्ता भंडार

कार्ड नंबर

- 223759019485
- 223758830313
- 223758545225
- 223758877213
- 223757845441
- 223757721834
- 223757482672
- 223755467986
- 2237555711261

### अंबेडकर प्राथमिक सहउपभोक्ता भंडार

दुकान क्रमांक 401001022

कार्ड नंबर

- 223752514338
- 223753457175
- 223753464490
- 223758456500
- 23759033403

## अंत्योदय कार्ड के लिए यह होती है पात्रता

ध्यान रहे कि अंत्योदय कार्ड सरकार उन लोगों के लिए जारी करती है जो अत्यंत गरीबों की श्रेणी में आते हैं। यानी जिनके पास आय का कोई साधन न हो या ऐसे परिवार जिनके मुखिया की निश्चित आय नहीं हो. इसके साथ ही ऐसे परिवार जिनमें मुखिया विकलांग हो, विधवा हो या 60 साल की उम्र से अधिक का हो। इसमें एक परिवार को 35 किलो तक अनाज दिया जाता है। दुकान नंबर 401001056, पंडित दीनदयाल उपभोक्ता भंडार में लेकिन पढ़े लिखे युवकों जिनकी उम्र 27 से लेकर 45 तक के हैं कार्ड बनाया गया है और फर्जी तरीके से सैकड़ों क्विंटल चावल की हेराफेरी जारी है।

## वार्ड 69 की दुकान में वार्ड 24 से 30 तक के कार्ड

दुकान नंबर 1086, एकता प्राथमिक सह उपभोक्ता भंडार में जमकर कमाल हुआ है। यह दुकान बुधवारी बाजार वार्ड क्रमांक 69 में स्थित है। यहां जो राशन कार्ड एपीएल से बदलकर बीपीएल बनाए गए हैं उसके अधिकांश निवासी वार्ड क्रमांक 24 से 30 तक के हैं। कार्ड में इसी वार्ड का एड्रेस भी डाला गया है। यही नहीं इनमें से अधिकांश बीपीएल कार्ड जो बनाए गए वह रेलवे कर्मियों के हैं। नगर निगम जोन क्रमांक 4 के दो कम्प्यूटर आपरेटर, एक जूनियर इंजीनियर के नाम से भी बीपीएल कार्ड बनाए जाने की जानकारी मिली है।

## खबर संक्षेप

### डिप्टी सीएम विजय शर्मा आज शहर में

**बिलासपुर।** डिप्टी सीएम विजय शर्मा मंगलवार 25 जून को बिलासपुर प्रवास पर रहेंगे। वे सुबह 10 बजे, जिला भाजपा कार्यालय पहुंचेंगे और भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों से मुलाकात करेंगे। इसके बाद 11.15 बजे कोनी स्थिति आईटीआई भवन का निरीक्षण करेंगे। दोपहर 12.30 बजे वे अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय के कार्यक्रम में शामिल होंगे। दोपहर 2 से 3बजे का समय आरक्षित है। इसके बाद 3 बजे वे रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।



### एयू का 13वां स्थापना दिवस समारोह आज



**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय का 13वां स्थापना दिवस समारोह 25 जून मंगलवार को सुबह 11.30 बजे मनाया जाएगा। विवि के सभागार में आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा होंगे। अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक अमर अग्रवाल व सुशांत शुक्ला व विशिष्ट अतिथि आईएएस प्रसन्ना आर उपस्थित रहेंगे। समारोह की अध्यक्षता विवि के कुलपति एडीएन वाजपेयी करेंगे। इस दौरान कम्प्यूटर साइंस एवं एप्लीकेशन विभाग द्वारा राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। इसमें सतत नवाचार के लिए आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस व आईओटी का शुभारंभ किया जाएगा। स्थापना दिवस के अवसर पर विवि में विभिन्न कार्यक्रम में आयोजित किए जाएंगे। इसमें सुबह 9.30 बजे सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया जाएगा। वहीं दोपहर 3 बजे विकसित छत्तीसगढ़ के लिए अनुसंधान विषय पर विमर्श किया जाएगा।

### सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक आज

**बिलासपुर।** जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक कलेक्टर अवनीश शरण की अध्यक्षता में 25 जून को सुबह 11 बजे कलेक्टोरेट परिसर के मंथन सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। बैठक में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत वर्ष 2024-25 में दर्ज प्रकरणों के निराकरण स्थिति एवं अधिनियम के तहत न्यायालयों में लंबित प्रकरणों पर चर्चा की जाएगी।

### पारा 33 पर, बारिश के आसार

**बिलासपुर।** झमाझम बारिश के बाद सोमवार को मौसम खुला रहा दिन में धूप भी निकली, उमस से लोगों का हाल बेहाल हो गया। इधर अधिकतम तपामान 33.4 डिग्री दर्ज किया गया। जो सामान्य से 3.3 डिग्री नीचे रही। न्यूनतम तापमान भी 27.2 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने बारिश के आसार जताए हैं। मौसम विशेषज्ञ डॉ.एचपी चंद्रा ने बताया कि 25 जून को कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में अधिकतम तापमान वृद्धि संभावित है।

# कल से खुलेंगे स्कूलों के पट, 761 जर्जर स्कूलों की अब तक नहीं हुई मरम्मत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नए शैक्षणिक सत्र की शुरूवात 26 जून से होने वाली है। दो माह से बंद स्कूलों के पट एक बार फिर खुल जाएंगे, लेकिन अभी तक जर्जर स्कूलों की मरम्मत नहीं हो पाई है। ऐसे में सीलन भरी कक्षाओं और टपकती छतों के नीचे ही बच्चों को पढ़ाई करनी पड़ेगी।

जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से मिली जानकारी अनुसार बिलासपुर जिले के मस्तूरी, तखतपुर, कोटा और बिल्हा ब्लॉक में कुल 761 स्कूल जर्जर हैं। इसके साथ ही 113 स्कूलों को डिस्मेंटल करने के लिए शासन को जानकारी भेजी गई है। लेकिन अब तक इन स्कूलों में मरम्मत कार्य पूरा नहीं हुआ है।

**1956 से बन्नाक चौक के पास संचालित हो रही प्राथमिक शाला**

छत इतनी जर्जर की गिरते मलबे से बचने चादर लगाई गई




## 113 स्कूलों को किया जाना है डिस्मेंटल

113 स्कूल पूरी तरह से डिस्मेंटल करने योग्य हैं। जिला शिक्षा विभाग ने 20 दिसंबर 2021 को डिस्मेंटल करने लायक स्कूलों का चिन्हांकित कर सूची बनाई थी। इस दौरान कोटा, मस्तूरी, तखतपुर,बिल्हा ब्लाक से जर्जर 288 स्कूल भवनों को डिस्मेंटल का आदेश मिला था, लेकिन 3 साल में केवल 175 स्कूलों को ही डिस्मेंटल किया गया। वर्तमान में मस्तूरी ब्लॉक में 16, बिल्हा में 32 और तखतपुर में 65 स्कूलों को डिस्मेंटल कर वहां नया स्कूल भवन का निर्माण कराया जाना है। स्कूल शिक्षा विभाग ने जर्जर भवनों को ढहाने के लिए पीडब्ल्यूडी विभाग से लेकर अन्य संबंधित विभागों से कई बार पत्राचार किया, लेकिन विभाग के अफसर मौन साधे हुए हैं।

## 21 से अधिक स्कूल आज भी खपरैल वाले

जिले में बिल्हा, कोटा, तखतपुर, मस्तूरी ब्लाक के प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला जर्जर हो चुके हैं। यहां तक कि 21 स्कूलों में छत खपरैल की है। ये कई सालों से जीर्ण-शीर्ण हालत में है। इनकी स्थिति अत्यंत खराब है। इन स्कूलों में खिड़की, दरवाजा, छत मरम्मत, गेट लगाने कि आवश्यकता है। यहां हर बारिश टपकती हुई छत के नीचे ही गीली फर्श पर बच्चों को पढ़ाई करने मजबूर होना पड़ता है। पिछले साल 8 से 10 स्कूलों की छतें भी टूटी हैं, जिसमें शिक्षक और बच्चे भी घायल हुए हैं, हाईकोर्ट ने मामले को संज्ञान में लिया लेकिन आज तक जर्जर स्कूलों का सुधार नहीं हो पाया है।



सिरगिट्टी बन्नाक चौक में स्थित जनपद प्राथमिक शाला 1956 से संचालित हो रही है। इसकी छत इतनी जर्जर हो चुकी है कि यहां बार-बार छत का प्लास्टर टूटकर गिर रहा था। ऐसे में मलबे से किसी को चोट न लगे, इसलिए शिक्षकों ने छत के नीचे चादर बांध दिया है।




### कराई जा रही मरम्मत

जिले के 761 स्कूल जर्जर हैं, इनकी मरम्मत कराई जानी है। शासन को जानकारी भेजी गई है। इसके साथ ही 113 स्कूल जो अत्यंत खराब हालत में हैं, उन्हें डिस्मेंटल किया जाना है। नए शिक्षण सत्र को देखते हुए कई स्कूलों में मरम्मत कार्य शुरू कराया गया है।

- **टीआर साहू**
जिला शिक्षा अधिकारी बिलासपुर

### कई स्कूलों में नहीं पहुंची है ड्रेस

शिक्षा विभाग के अफसरों का दावा है कि पहले दिन से बच्चों के प्रवेशोत्सव के साथ उन्हें किताब और स्कूल ड्रेस का वितरण किया जाएगा। वास्तविकता यह है कि मस्तूरी ब्लॉक को छोड़ अन्य किसी भी ब्लॉक में अब तक स्कूल ड्रेस ही नहीं पहुंची है। जबकि इन ब्लॉकों में 1.20 लाख बच्चों को नई ड्रेस की आवश्यकता है। इसके लिए स्कूल शिक्षा विभाग ने डिमांड भी भेजा है।

45 हजार घरों में मीटर बदलने का मामला

# लेटलतीफी: सिटी सर्किल में अभी भी चल रहा सर्वे

**बिलासपुर।** जिले में भले ही स्मार्ट मीटर लगाने का काम शुरू हो चुका है, लेकिन इसकी गति काफी कम है। सिटी सर्किल में महज पूर्वी डिवीजन में ही गिनती के स्मार्ट मीटर लगाए गए हैं, जबकि 45 हजार उपभोक्ताओं के घर और दुकानों में 2 साल के भीतर मीटर बदलना है। हाल यह है कि जिस जीनस कंपनी को ठेका दिया गया है, वह पश्चिमी डिवीजन में महज सर्वे ही कर पाई है।

- स्मार्ट मीटर को लेकर कंपनी चल रही सुस्त चाल
- आला अधिकारियों को भी परवाह नहीं

स्मार्ट मीटर लगाने का काम धीमी गति से चल रहा है, जीनस कंपनी को 2 साल के भीतर स्मार्ट मीटर लगाने का ठेका सीएसपीडीसीएल द्वारा दिया गया है, सिटी सर्किल में 45 हजार उपभोक्ताओं के घरों तक मीटर लगाना है, हालत यह है कि कंपनी ने सर्वे का काम भी पूरा नहीं किया है। पश्चिमी डिवीजन में सर्वे चल रहा है और पूर्वी डिवीजन में भी काम पूरा नहीं हो सका है। तोरवा के सीएसईबी द्वारा बनाई गई कालोनी में ही स्मार्ट मीटर लगाए गए हैं, इसके बाद कंपनी का अता पता नहीं है। बताया जा रहा है कि प्रोजेक्ट के अधिकारी स्मार्ट मीटर लगाने को लेकर ढिलाई बरत रहे हैं, जिसके चलते लोगों के घरों में अबतक स्मार्ट मीटर नहीं लग सके हैं। प्रोजेक्ट विभाग जीनस कंपनी की प्रोग्रेस रिपोर्ट का आकलन तक नहीं कर पाया है, सिटी सर्किल में मीटर लगाने का आंकड़ा 100 के पार तक नहीं गया है।

### समय पर पूरा होगा काम

प्रोजेक्ट विभाग द्वारा ही स्मार्ट मीटर का काम देखा जा रहा है। सर्किल में कुछ जगहों पर मीटर लगाए गए हैं, लेकिन अभी समय है। काम पूरा होगा, यह उम्मीद है।

- **पीआर साहू,** एसई, विद्युत विभाग

नगर निगम, पीडब्ल्यूडी और सीजीएमएससी के कामों में निकल रही कमी

# सिम्स: दीवारों पर सीपेज, परिजन शेड में भर रहा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सिम्स में पिछले 9 माह से लगातार निर्माण कार्य जारी है। इस दौरान नगर निगम, पीडब्ल्यूडी और सीजीएमएससी द्वारा टायलेट निर्माण, सौंदर्यीकरण, ट्राइएज, गार्डन, रैंप आदि का निर्माण किया गया है, इसके बाद भी बदहाली दूर होने का नाम नहीं ले रही है। सिम्स में वर्षों पुरानी सीपेज की समस्या जस की तस है। बारिश होते आते ही दीवारों पर सीपेज साफ तौर पर देखा जा सकता है। हाल यह है कि नए तरीके से बनाए गए ट्राइएज सेंटर के टायलेट में लीकेज है, जिससे सेंटर में दुर्गंध आती रहती है।

- अधिकारियों की अनदेखी से मरीज परेशान



सिम्स के गार्डन में बड़ा सा गड्ढा खोदकर छोड़ दिया गया।

जानकारी होने के बाद भी अधिकारी सुधार कार्य नहीं करा रहे हैं। सिम्स में करोड़ों रूपए खर्च कर मरीजों की सुविधाओं के लिए निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं, लेकिन नगर निगम, पीडब्ल्यूडी और सीजीएमएससी के कामों में कई जगहों पर कमियां दिखाई दे रही है। इन कमियों के बाद भी अधिकारी अपनी पीठ थपथपा रहे हैं। हाल में हुई बारिश के बाद सिम्स की ज्यादातर दीवारों में सीपेज दिखाई दे रहा है, यह समस्या कई सालों से जस की तस है। दरअसल बारिश का पानी छत पर भर रहा है, जिसके चलते सीपेज की समस्या है। सिम्स प्रबंधन ने 65 लाख रूपए पीडब्ल्यूडी को दिया है, लेकिन पीडब्ल्यूडी के अधिकारी पिछले 6 माह में सिर्फ टायलेट बना पाए हैं। वहीं पीडब्ल्यूडी और सीजीएमएससी द्वारा 120 टायलेट बनाए गए हैं।

हालत यह है कि ग्राउंड फ्लोर में बनाए गए ट्राइएज में टाइल्स से यूरिनल का पानी आ रहा है। इसके दरवाजों के कांच तक टूट चुके हैं। अधिकारी लगातार निरीक्षण कर रहे हैं, लेकिन फिर भी इन समस्याओं पर नजर नहीं जा सकी है।

### रेडियो डायग्नोसिस विभाग में बैटरी नहीं

26 दिनों के बाद सोमवार को सीटी स्कैन और एमआरआई मशीन शुरू हो की गई। कंपनी ने एसी का रिपेयर भी कर दिया है लेकिन रेडियोडाग्नोसिस विभाग में बिजली बैकअप नहीं है। बिना बिजली बैकअप के करोड़ों की मशीनें संचालित है। महज 30 हजार की बैटरी के चलते बैकअप की समस्या है। वहीं जिस कंपनी ने 26 दिनों के बाद मशीनें बनाई हैं, उस कंपनी को पेनाल्टी लगाने और अनुबंध एक्सटेंशन तक नहीं किया गया है।

### निरीक्षण किया जाएगा

निगम और सीजीएमएससी ने मिलकर निर्माण कार्य कराया है। वहीं हमने 65 लाख रूपए पीडब्ल्यूडी को दिया है, इसके बाद भी निर्माण में लापरवाही बरती गई है। इसका निरीक्षण किया जाएगा।

- **केके सहारे,** डीन, सिम्स

### 12वीं: पुनर्गणना-पुनर्मूल्यांकन के परिणाम बोर्ड ने किया जारी




**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने 12वीं मुख्य परीक्षा-2024 के पुनर्गणना और पुनर्मूल्यांकन के परिणाम जारी कर दिए गए हैं। पुनर्गणना में 153 और पुनर्मूल्यांकन में 4,284 अभ्यर्थियों के अंकों में बदलाव हुआ है। 9 मई को माध्यमिक शिक्षा मंडल ने 10वीं और 12वीं के नतीजे जारी किए थे। वहीं, पुनर्गणना और पुनर्मूल्यांकन के परीक्षा परिणाम माध्यमिक शिक्षा मण्डल की वेबसाइट www.cgbse.nic.in पर उपलब्ध है। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के मुताबिक पुनर्गणना के एक हजार 84 आवेदन और पुनर्मूल्यांकन के कुल 9 हजार 876 आवेदन समेत 10 हजार 960 आवेदन प्राप्त हुए थे।

## खबर संक्षेप

### श्रमिकों की समस्याओं का निराकरण करने संकल्पित है भारतीय मजदूर संघ



**बिलासपुर।** भारतीय मजदूर संघ छग के नवनियुक्त महामंत्री दिनेश कुमार पांडेय संगठनात्मक प्रवास पर बिलासपुर पहुंचे। इस अवसर पर जिला बिलासपुर भारतीय मजदूर संघ के द्वारा विद्युत वितरण कंपनी तिफरा स्थित सभागार में वृहद कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री दिनेश कुमार पांडेय, विशिष्ट अतिथि भारतीय मजदूर संघ मध्यप्रदेश प्रदेश के पूर्व महामंत्री, श्रम कल्याण मंडल के पूर्व अध्यक्ष एसएन तिवारी, भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विभाग प्रमुख शंखध्वनि सिंह बनाफर, प्रदेश मंत्री श्रीमती उषा साहू, स्वायत्तशासी कर्मचारी संघ के अभा महामंत्री सुरेश तिवारी एवं जिला उपाध्यक्ष काशीराव गढ़े मंचस्थ रहे। जिला बिलासपुर के वरिष्ठ पूर्व पदाधिकारी एसएन तिवारी ने कार्यकर्ताओं को भारतीय मजदूर संघ के रीति नीति और उसके स्थापना से लेकर अब तक विश्व के सबसे बड़े संगठन बनने तक विस्तार की यात्रा के बारे में अवगत कराया। भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं बिलासपुर विभाग प्रमुख शंखध्वनि सिंह बनाफर ने पिछले तीन वर्षों में बिलासपुर जिले में किए गए प्रमुख कार्यक्रमों, संगठनात्मक गतिविधियों के साथ संगठन की मजबूती के लिए अपने सुझाव और प्रदेश नेतृत्व से जिले की अपेक्षाओं से महामंत्री को अवगत कराया।

### छत्तीसगढ़ कर्मचारी कांग्रेस की बैठक में 4 प्रतिशत डीए की मांग



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी कांग्रेस की बैठक जिला शाखा अध्यक्ष अरुण पांडे की अध्यक्षता एवं एसपी पाटनवार, राजेंद्र दवे, सौमित्र मिश्रा की विशेष उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक में शासन से 4 प्रतिशत महंगाई भत्ते की मांग की गई । अनुकंपा नियुक्ति के लंबित प्रकरणों के निराकरण हेतु 10% की बाध्यता समाप्त करने, 60 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके कर्मचारियों का स्थानांतरण ना किया जाने सदस्यता अभियान, फिशरीज डिपार्टमेंट में पदोन्नति से सहायक फिशरीज अधिकारी के पद भरने, साथ ही शिक्षा विभाग में उच्च वर्ग शिक्षक के वरिष्ठ सूची में छूट गए नाम को पुनः सम्मिलित करने विशेष चर्चा की गई। बैठक में कृष्ण कुमार दुबे, राजेश वर्मा, कोटा अध्यक्ष कैलाश गजभिए, प्रवीण गुप्ता, कोरबा अध्यक्ष कृष्ण गोपाल, संरक्षक कोरबा श्रीमती संतोषी कौशिक प्रदेश अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ सहित सदस्यों उपस्थित थे।

### प्लेसमेंट कैंप 27 को, नोडल अधिकारी ने तैयारियों का लिया जायज़ा



**बिलासपुर।** स्थानीय लखीराम स्मृति ऑडिटोरियम में 27 जून को आयोजित मेगा प्लेसमेंट कैंप की तैयारी शुरू हो गई है। सहायक कलेक्टर तन्मय खन्ना को कैंप आयोजन के लिए नोडल अधिकारी बनाया गया है। श्री खन्ना ने सोमवार को ऑडिटोरियम और जिला रोजगार कार्यालय का दौरा कर तैयारियों का जायज़ा लिया। उन्होंने 26 जून तक सभी तैयारी पूर्ण कर रिपोर्ट करने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि निजी क्षेत्र की 27 कंपनियों द्वारा 6 हजार से ज्यादा रिक्त पदों पर भर्ती के लिए मांग आई है। कैंप सुबह 10 बजे से शुरू होकर शाम 4 बजे तक चलेगी। कलेक्टर अवनीश शरण ने युवाओं से इस मौके का लाभ उठाने की अपील की है। इस अवसर पर कोनी आदर्श आईटीआई के प्राचार्य अरुण कुमार सिंह, उप संचालक रोजगार एसी पहारे और सहायक संचालक कौशल विकास उमाकांत पटेल भी उपस्थित थे।

### धूमधाम से मना कबीर साहेब का प्राकट्य उत्सव



**बिलासपुर।** गुरुधाम लिंगियाडीह में शनिवार को सद्गुरू कबीर साहेब का प्राकट्य उत्सव बहुत ही सुन्दर ढंग से भव्यता व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह 10 बजे से चौका आरती की गई और दोपहर 2.30 से सद्गुरू कबीर साहेब का भजन पंडवानी तर्ज़ पर किया गया। भरत लाल निषाद (रसोटा) वाले द्वारा बहुत ही सुन्दर ढंग से कबीर साहेब का भजन की प्रस्तुत किया गया। भोजन भंडारा का आयोजन रात 10.30 बजे तक चलता रहा। कबीर साहेब का भजन सुनकर उपस्थित सामाजिक जन, माताएं, बहनें, युवा, वृद्ध, बच्चे मंत्रमुग्ध होकर देर रात तक नाचते झूमते रहे। इस कार्यक्रम को भव्य रूप देने एवम् सफल बनाने में सहयोग करने वालों का लिगियाडीह परिवार साधुवाद ज्ञापित किया।

# स्वच्छता सर्वेक्षण में इस बार स्कूल भी शामिल, साफ-सफाई टायलेट की व्यवस्था, पानी सप्लाई बन सकती है परेशानी

- सर्वेक्षण के दौरान रिड्यूस-रिसाइकिल-रीयूज फार्मूले से होगा परीक्षण, स्कूल, सड़कों व हरियाली को भी सर्वे में शामिल कर लिया गया है

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

स्वच्छता सर्वेक्षण में इस साल निगम को और चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा, क्योंकि स्कूल, सड़कों व हरियाली को भी सर्वे में शामिल कर लिया गया है। सरकारी स्कूलों में सफाई व जरूरी व्यवस्था सबसे बड़ी चुनौती निगम के सामने होगी क्योंकि अधिकांश सरकारी स्कूलों की हालत खराब है। फिलहाल देखा जाए तो निगम क्षेत्र में स्वच्छता के लिए किए जा रहे प्रयास के बाद भी नगर के अधिकांश इलाकों में नियमित सफाई नहीं हो पा रही है। इसी तरह 20 प्रतिशत बाजार एरिया की भी सफाई करने में निगम विफल हैं। इसके साथ ही निगम क्षेत्र के 33 प्रतिशत पब्लिक टॉयलेट की सफाई नियमित नहीं हो पा रही है। ध्यान रहे कि 2023 के स्वच्छता सर्वेक्षण में निगम की रैंकिंग 28 थी।

ज्ञात हो कि केंद्र सरकार द्वारा हर साल नगरीय निकायों की स्वच्छता के लिए सर्वेक्षण किया जाता है। वर्ष 2023 के स्वच्छता सर्वेक्षण में बिलासपुर नगर निगम स्थिति फिर भी ठीक थी। बिलासपुर शहर को एक लाख से अधिक आबादी वाले शहरों में देश का 28 वां सबसे साफ-सुथरा शहर घोषित किया गया था। देश के कई बड़े महानगरों मुंबई, कोलकाता, बेंगलुरु जैसे महानगरों को बिलासपुर ने पीछे छोड़ा था। इसके साथ ही रैंक के आधार पर बिलासपुर छत्तीसगढ़ का चौथा सबसे स्वच्छ शहर घोषित किया गया था।

### ध्यान देंगे तभी इस साल होगा रैंकिंग में सुधार

इस साल लेकिन वर्तमान वर्ष के सर्वेक्षण के लिए केंद्र सरकार द्वारा ट्रिपल आर फार्मूला यानी रिड्यूस, रिसाइकिल व रीयूज सर्वे के मापदंड तय किए गए हैं। इसमें पिछले सर्वे के अनुसार निगम क्षेत्र में 94 प्रतिशत घरों से डोर टू डोर कचरा कलेक्शन हो रहा है। कचरे के निष्पादन का प्रतिशत 93 है, जबकि 94 प्रतिशत रिहायशी और 93 प्रतिशत मार्केट एरिया और 67 प्रतिशत पब्लिक टॉयलेट की सफाई हो पा रही है। बाकी पर लेकिन ध्यान देना होगा तभी इस साल भी रैंकिंग में सुधार हो सकेगा।

### सरकारी स्कूल की व्यवस्था से हो सकती है परेशानी

जानकारी के अनुसार निगम क्षेत्र में प्रायवेट, सरकारी प्रायमरी से लेकर हायर सेकंडरी तक स्कूल की संख्या 500 से अधिक है। निगम के जिम्मेदारों को प्राइवेट स्कूल में साफ-सफाई की चिंता कम है, लेकिन सरकारी स्कूलों में टॉयलेट की व्यवस्था, वहां पानी की सप्लाई आदि जरूर परेशानी बन सकती है क्योंकि सरकारी स्कूलों में इनकी व्यवस्था के दावे तो किए जाते हैं पर उसे मैनेज नहीं किया जाता है। इसी से अंक कम हो सकते हैं। हालांकि आत्मानंद स्कूल बनने से कुछ तो सुधार इस दिशा में भी हुआ है।

### कचरा निपटान में अधिक अंक

इस साल के स्वच्छता सर्वेक्षण में कुल 7500 अंकों को बढ़ाकर 9500 अंक कर दिया है। 9500 अंकों में से 5705 अंक कचरा निपटान के रहेंगे, जो कुल अंक का 60 प्रतिशत के करीब है। इसमें सर्विस लेवल प्रोग्रेस के तहत कचरा संग्रहण, सफाई, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, सैनिटाइजेशन, वाटर मैनेजमेंट शामिल होगा। 2500 अंक सर्टिफिकेशन पर मिलेंगे। इसके साथ ही 1295 अंक सिटीजन फीडबैक पर मिलेंगे।

### कमियों को दूर किया जा रहा

इस बार भी बिलासपुर निगम की रैंकिंग बेहतर रहेगी। जो थोड़ी बहुत कमियां हैं उसे दूर किया जा रहा है। पिछले बार शहर में साफ-सफाई व्यवस्था ठीक थी। इस वर्ष अभी नए सर्वेक्षण का टूलकिट मिला नहीं है। शहर में हरियाली और सड़कें तो ठीक हैं, पब्लिक प्लेस की सफाई भी नियमित कराई जा रही है, लोगों को भी जागरूक होना चाहिए।
**- खजांची कुम्हार**, अपर आयुक्त, ननि

कलेक्टर ने ली टीएल की बैठक, प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाने के निर्देश

# बाढ़, बिजली, खाद और शिक्षा व्यवस्था पर फोकस करें अधिकारी : कलेक्टर

**बिलासपुर।** कलेक्टर अवनीश शरण ने अतिवृष्टि एवं बाढ़ की स्थिति में लोगों के राहत एवं बचाव कार्य के लिए वैकल्पिक कार्य-योजना तैयार रखने को कहा है। उन्होंने कहा है कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की अभी से पहचान कर उन भवनों को भी चिन्हित कर लिया जाए जहां पर प्रभावित लोगों के लिए राहत शिविर लगाई जा सके। कलेक्टर ने टीएल बैठक में सोमवार को इस आशय के निर्देश दिए।




### कार्य-योजना तैयार रखें

बरसात शुरू होने के बाद कभी भी अतिवृष्टि के हालात बन सकते हैं। हमें अपनी तैयारी चौकस रखनी चाहिए ताकि जरूरत पड़ने पर तत्काल लोगों को राहत पहुंचाई जा सके। उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों के लोगों को भी मुनादी के जरिए चेताने को कहा है। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग को भी अलग से मेडिकल टीम गठित करने के निर्देश दिए हैं।

### अभियान चलाकर बिजली सुधारें

कलेक्टर ने कहा कि आंधी तूफान अथवा अन्य कारणों से खेतों और सार्वजनिक रास्तों पर बिजली के तार झूल रहे हैं। बिजली विभाग को अभियान चलाकर इन्हें सुधारने को कहा गया है।

### खाद-बीज वितरण पर दें ध्यान

बैठक में श्री शरण ने कहा कि खाद-बीज के उठाव एवं वितरण की स्थिति की भी जानकारी ली। उन्होंने सभी एसडीएम को अपने इलाके की सोसायटियों पर नजर रखने और दौरा करने को कहा है। उपलब्ध सभी सामग्री बिना परेशानी के मिलनी चाहिए।

### नदी से रेत उत्खनन पर प्रतिबंध

खनिज अधिकारी ने बैठक में स्पष्ट किया कि नदी से रेत उत्खनन पर प्रतिबंध लग चुका है। लेकिन पहले से संग्रहित किए गए रेत का परिवहन किया जा सकता है। बशर्ते उन्हें रायल्टी पर्ची कटाना होगा।

### 1 जुलाई से बांटेंगे निःशुल्क पौधे

पौधरोपण की तैयारी की भी बैठक में समीक्षा की गई। वन अधिकारी ने बताया कि 2.66 लाख पौधे वर्तमान में उपलब्ध है। इच्छुक लोगों को घर-घर पहुंचाकर उपलब्ध कराया जाएगा। कलेक्टर कार्यालय में भी 1 जुलाई से निःशुल्क पौधा वितरित किया जाएगा।

### मल्टीपर्पज स्कूल में प्रवेशोत्सव

कलेक्टर श्री शरण में शाला प्रवेशोत्सव की तैयारी की भी समीक्षा की। जिला स्तरीय उत्सव मल्टीपर्पज स्कूल में मनाया जाएगा। स्कूल खुलने के पहले साफ-सफाई करा लेने के निर्देश दिए। उन्होंने चेतावनी के लहजे में कहा कि शिक्षक बच्चों पर निगाह बनाए रखें। किसी बच्चे के साथ कोई दुर्घटना हुई तो पूरा स्कूल स्टाफ पर कार्रवाई होगी।

### मेगा प्लेसमेन्ट कैम्प 27 को

27 तारीख को आयोजित मेगा प्लेसमेन्ट कैम्प की तैयारी की भी समीक्षा की और इसकी सफलता के लिए प्रशिक्षु आईएएस एवं सहायक कलेक्टर तन्मय खन्ना को नोडल अधिकारी बनाया है। बैठक में नगर निगम आयुक्त अमित कुमार, एडीएम आरए कुरूवंशी, शिवकुमार बनर्जी सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

तीन महीने बाद जनसुनवाई

## कलेक्टर ने सुनी समस्याएं कुछ का मौके पर समाधान

तीन महीने बाद आम जनता से मुलाकात का साप्ताहिक कार्यक्रम जनदर्शन चुनावी आचार संहिता समाप्त होने के बाद सोमवार से फिर शुरू हो गया। कलेक्टर अवनीश शरण ने साप्ताहिक जनदर्शन में दूर-दराज से आए ग्रामीणों, किसानों, बुजुर्गों और महिलाओं की समस्याओं को बड़े इत्मीनान से सुना। उन्होंने किसानों से चर्चा कर खेती-किसानी और पर्याप्त खाद-बीज की उपलब्धता के बारे में जानकारी ली। जनदर्शन में कुछ समस्याओं का निराकरण मौके पर ही किया गया और कुछ समस्याओं के जल्द निराकरण के लिए कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए। जनदर्शन में लगभग सौ लोगों ने कलेक्टर से मिलकर निजी एवं सामुदायिक समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए। साप्ताहिक जनदर्शन में आए सकरी तहसील के गोबंद निवासी अब्दुल राशीद खान ने भूमि की मुआवजा राशि न मिलने की शिकायत करते हुए आवेदन दिया। इस संबंध में कलेक्टर ने एसडीओ तखतपुर को शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। ग्राम घुरू निवासी श्रीमती अंजनी श्रीवास ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास निर्माण करवाने की मांग की। रोजी मजदूरी करने वाली श्रीमती अंजनी ने बताया उनके घर की स्थिति बहुत ही जर्जर हो गई है। कलेक्टर ने सीईओ जनपद पंचायत तखतपुर को मामले का परीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने कहा। देवरीखुर्द की अंजनी शर्मा ने कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय बरतोरी में रसोइया पद पर नियुक्ति के लिए गुहार लगाई। श्रीमती अंजनी ने बताया कि उनकी आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है और बच्चों के भरण-पोषण करने के लिए उनके पास कोई अन्य साधन नहीं है। कलेक्टर ने शिक्षा विभाग को मामले को सौंपते हुए आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। ग्राम गतौरी निवासी श्रीमती मिलापा बाई ने भूमि का सीमांकन कराने की गुहार लगाई। कलेक्टर ने एसडीएम बिलासपुर को मामले का परीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए।

हेल्थ प्लस

## मार्क हॉस्पिटल में छत्तीसगढ़ की पहली गोल्ड नी इम्प्लांट सर्जरी



- डॉक्टर शांतनु गुप्ता ने किया सफल इलाज

**बिलासपुर।** सरकंडा स्थित मार्क हॉस्पिटल प्रदेश के जाने-माने अस्पतालों में से एक है। यहां विगत वर्षों में मेडिकल साइंस तकनीक से चिकित्सा के क्षेत्र में लगातार नए आयाम खड़े किए गए हैं। इसी कड़ी में हाल ही में मार्क हॉस्पिटल में छत्तीसगढ़ की पहली गोल्ड नी इम्प्लांट सर्जरी की गई । यह सर्जरी विख्यात हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर शांतनु गुप्ता ने की।

3 घंटे के भीतर दोनों घुटनों की गोल्ड नी इंप्लांट सर्जरी की गई। दो दिन के भीतर मरीज चलने भी लगी, जो अपने आप में एक अनूठी उपलब्धि है। बता दें कि भोपाल निवासी 65 वर्षीय श्रेया बेडेकर जिनका वजन 135 किलो है। इसकी वजह से उनके दोनों घुटने खराब हो गए थे और उन्हें चलने फिरने में भी बहुत परेशानी हो रही थी। उन्होंने मार्क हॉस्पिटल में डॉक्टर शांतनु गुप्ता से संपर्क किया। उनके दोनों घुटनों में गोल्ड नी इम्प्लांट किया गया, अब वह आसानी से चल फिर पा रही हैं। गोल्ड नी इम्प्लांट करने वाला मार्क हॉस्पिटल छत्तीसगढ़ का पहला हॉस्पिटल बन चुका है। मार्क हॉस्पिटल के डायरेक्टर एवं वरिष्ठ यूरोलॉजिस्ट डॉक्टर कमलेश मौर्या का मानना है कि वह बिलासपुर जैसे छोटे शहरों में महानगरों जैसी तकनीक का इस्तेमाल कर मरीज को फायदा पहुंचाना चाहते हैं। वे चाहते हैं कि किसी भी वजह से मरीज को इलाज करने के लिए शहर से बाहर न जाना पड़े।

एजुकेशन प्लस

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर एवीएम में योग के आयाम पर कार्यशाला



**बिलासपुर।** आधारशिला विद्या मंदिर न्यू सैनिक स्कूल में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर 'सोसायटी फार द प्रमोशन ऑफ इण्डियन क्लासिकल म्यूजिक एण्ड कल्चर अमॉग्स्ट यूथ '(स्पीकमैके) के सानिध्य में योग कार्यशाला का आयोजन किया गया। पांच दिवसीय योग कार्यशाला के समापन अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन, निदेशक, प्रचार्या , समस्त शिक्षक व छात्रों ने विभिन्न आसन व प्राणायाम किया। मृत्युंजय योग केंद्र की योग गुरु श्रीमती मंजू झा ने बहुत ही सरल तरीके से योग के महत्व को समझाया। उन्होंने पांचों दिन ऑनलाइन रह कर देश भर के करीब 50 स्कूल के बच्चों व शिक्षकों को जीवन में योग के महत्व को समझाया । इस अवसर पर विद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग के शिक्षक उत्तम साहू ने सभी शिक्षकों से ताड़ासन , हस्तासन , त्रिकोणासन , कटिचक्रासन, अर्ध चक्रासन, भुजंगासन, सर्वांग आसन, अर्ध हलासन , पद हस्तासन और भ्रामरी, अनुलोम - विलोम व भद्रिका प्राणायाम कराया। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती जीआर मधुलिका ने सभी को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं दी और योग के महत्व व लाभ के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि योग से हम शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहते हैं। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन निवास करता है। स्वस्थ मन में ही सकारात्मक और रचनात्मक विचार आते है। विद्यालय के निदेशक एस के जनस्वामी ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने बताया कि योगासन का अभ्यास हमारे शरीर को लचीला बनाता है । मन को शान्त करता है। योग क्रिया द्वारा शरीर में होने वाली सामान्य बीमारियों एवं मौसम संबंधी बीमारी से राहत पा सकते है।

## 21 दिवसीय समर स्कूल ट्रेनिंग प्रोग्राम में कृषि की गुणवत्ता पर चर्चा

- ऑन फार्म टू टेबल एक्सफलोरिंग एग्रीकल्वरल सस्टैनबिलिटी ट्रेनिंग प्रोग्राम में 400 लोगों ने लिया भाग

**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के खाद्य प्रसंस्करण एवं प्राद्यौगिकी विभाग द्वारा 21 दिवसीय समर स्कूल ट्रेनिंग प्रोग्राम ऑन फार्म टू टेबल एकसफलोरिंग एग्रीकल्वरल सस्टैनबिलिटी का आयोजन किया गया।

कुलपत्ति आचार्य अरूण दिवाकर नाथ वाजपेयी ने इस प्रोग्राम की शुरूआत 1 जून को की। कार्यक्रम का आयोजन एग्रीकल्चर फोरम फॉर फॉर्मिग सोसायटी एवं कृषि विश्वविद्यालय रायचुर कर्नाटका तथा अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय द्वारा किया गया, कार्यक्रम में 19 स्पीकर्स, विभिन्न विश्वविद्यालयों के विशेषज्ञों ने कृषि एवं उससे संबंधित तकनीक व गुणवत्ता को बताया। अटल विश्वविद्यालय के विभागाध्यक्ष ई. यशवंत कुमार पटेल ने बताया कि प्राथमिक उद्देश्य टिकाउ कृषि प्रथाओं कि गहन समझ विकसित करना है। स्मार्ट और वैदिक प्रणालियों के जैविक खेती को प्ररित करना, हम पुरानी कृषि प्रथाओं को समकालीन नवचारों के साथ मिलकर एक ऐसी जैविक खेती को बढ़ावा देना चाहिए जो कुशल और स्थाई हो। कार्यक्रम के कॉर्डिनेटर डॉ. सौमित्र तिवारी ने खाद्य प्रसंस्करण की प्रकिया व फायदे को बताया। ट्रेनिंग प्रोग्राम में 400 से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया।

## 'शताब्दी सम्मान–2023' से अलंकृत होंगे चौबे

सीवीआरयू के कुलाधिपति को प्रदान करेंगे सम्मान निधि सहित मानपत्र

**बिलासपुर** । श्री मध्यभारत हिन्दी साहित्य समिति का प्रतिष्ठित 'शताब्दी सम्मान–2023' डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय के कुलाधिपति, वरिष्ठ कवि–कथाकार, निदेशक, विश्व रंग एवं कुलाधिपति, रविन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय, संतोष चौबे को प्रदान किया जाएगा। इस अवसर श्री चौबे को एक लाख रुपए सम्मान निधि और मानपत्र प्रदान किया जाएगा। साहित्य, कला, संस्कृति, शिक्षा, प्रौद्योगिकी और कौशल विकास के क्षेत्र में पाँच दशकों से सक्रिय संतोष चौबे ने अपने अथक रचनात्मक–सृजनात्मक प्रयत्नों से राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक विशिष्ट पहचान कायम की है। भारतीय इंजीनियरिंग सेवा तथा भारतीय प्रशासनिक सेवा के लिए चयनित संतोष चौबे वर्तमान में 'विश्व रंग' महोत्सव के निदेशक, रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय और डॉ. सी.वी. रामन विश्वविद्यालय के चांसलर हैं तथा आईसेक्ट नेटवर्क, राज्य संसाधन केन्द्र, वनमाली सृजन पीठ एवं टैगोर अंतरराष्ट्रीय साहित्य एवं कला केन्द्र के अध्यक्ष हैं।



कुलाधिपति संतोष चौबे को प्रतिष्ठित 'शताब्दी सम्मान–2023' के लिए 'विश्व रंग' टैगोर अंतर्राष्ट्रीय साहित्य एवं कला महोत्सव, विश्व रंग सचिवालय, टैगोर अंतरराष्ट्रीय हिंदी केन्द्र, प्रवासी भारतीय साहित्य एवं संस्कृति शोध केन्द्र, टैगोर विश्व कला एवं संस्कृति केंद्र, रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय, स्कोप ग्लोबल स्किल्स विश्वविद्यालय, डॉ. सीवी रामन विश्वविद्यालय, बिलासपुर, खंडवा, वैशाली, आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग, आईसेक्ट पब्लिकेशन, वनमाली सृजन पीठ, समस्त वनमाली सृजन केंद्रों तथा साहित्य, कला संस्कृति की सहयोगी संस्थाओं ने हर्ष व्यक्त किया है।

### मिल चुके हैं कई अलंकरण, सम्मान

श्री चौबे को हाल ही में फ्रांस में प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय 'भारत गौरव सम्मान–2024' से सम्मानित किया गया। इसके पूर्व लंदन में /"वातायन यूके अंतरराष्ट्रीय शिखर सम्मान 2023/" और अमेरिका के प्रतिष्ठित संस्थान द्वारा 'लाइफ टाइम एचीवमेंट अवार्ड–2023 से सम्मानित किया गया। इसके साथ साथ श्री चौबे को कविता (कहीं और सच होंगे सपने) के लिए मध्यप्रदेश साहित्य परिषद् का दुष्यंत कुमार पुरस्कार, आलोचना (कला की संगत) के लिए स्पंदन आलोचना सम्मान, अनुवाद (मास्को डायरी) के लिए मध्यप्रदेश राष्ट्रभाषा प्रचार समिति का पुरस्कार एवं उपन्यास (जलतरंग) के लिए शैलेश मटियानी तथा अन्तरराष्ट्रीय वैली ऑफ वड्‌र्स पुरस्कार प्राप्त हुए हैं। समग्र साहित्यिक अवदान के लिए उन्हें राष्ट्रीय दुष्यंत एवं शिवमंगल सिंह सुमन अलंकरण आदि प्राप्त हुए हैं।

### दुर्ग-हटिया के बीच द्वि-साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन का विस्तार

**बिलासपुर।** रेल प्रशासन ने दुर्ग -हटिया के बीच चल रही स्पेशल ट्रेन के परिचालन में विस्तार किया गया है । यह गाड़ी 08185 / 08186 हटिया-दुर्ग-हटिया द्वि-साप्ताहिक स्पेशल की सुविधा 27 जून तक चल रही है, जिसका परिचालन में विस्तार 27 दिसम्बर तक किया गया है। 08185 हटिया-दुर्ग द्वि-साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन का परिचालन 2 जुलाई से 26 दिसम्बर तक विस्तार किया गया है । इसी प्रकार विपरीत दिशा में भी 08186 दुर्ग-हटिया द्वि-साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन का परिचालन 7 जुलाई से 27 दिसम्बर तक विस्तार किया गया है ।

### सूरत और ब्रह्मपुर के बीच साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन

**बिलासपुर।** रेल प्रशासन सूरत एवं ब्रह्मपुर (उड़ीसा) के बीच चल रही स्पेशल ट्रेन के परिचालन में विस्तार किया गया है । यह गाड़ी 09059/09060 सूरत-ब्रह्मपुर-सूरत साप्ताहिक स्पेशल की सुविधा 28 जून तक चल रही है, जिसके परिचालन में विस्तार 2 अगस्त तक किया गया है । 09059 सूरत-ब्रह्मपुर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन का परिचालन 31 जुलाई तक विस्तार किया गया है । इसी प्रकार विपरीत दिशा में भी 09060 ब्रह्मपुर-सूरत साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन का परिचालन 02 अगस्त, 2024 तक विस्तार किया है ।

जेडआरयूसीसी के मेंबर संजय मित्तल ने रेलवे को दिए सुझाव

# इंदौर के लिए एक और ट्रेन की जरूरत, उसलापुर में बने शेड



- इंदौर शिक्षा व्यवसाय का बड़ा केंद्र
- अमरकंटक एक्सप्रेस का करें विस्तार
- जीएम ने दिया कार्रवाई का आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दपूमरे जोनल रेलवे यूजर्स कंसलटेटिव कमेटी(जेडआरयूसीसी) के सदस्य संजय मित्तल ने रेलवे जीएम सुश्री नीनु इटियेरा से मिलकर बिलासपुर रेलवे जोन में जन सुविधाओं को लेकर कुछ सुझाव दिए। जिस पर उन्होंने गंभीरता पूर्वक विचार कर जल्द से जल्द उसे पर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

श्री मित्तल ने उसलापुर स्टेशन में मूलभूत आवश्यकताओं की कमी के साथ साथ शेड का एक्सटेंशन, फूड स्टॉल, पार्सल आदि के निर्माण पर विचार करने की जरूरत बताई। उन्होंने बताया कि बिलासपुर से इंदौर के लिए प्रतिदिन एक ही फास्ट ट्रेन है। चूंकि इंदौर व्यवसाय और शिक्षा का बहुत बड़ा केंद्र है, इसलिए आम लोगों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए एक एक्सप्रेस ट्रेन और चलनी चाहिए या अमरकंटक एक्सप्रेस को इंदौर तक चलना चाहिए।

## चकरभाठा बिल्हा रोड पर अंडर ब्रिज की मांग पुरानी

### घुरु अमेरी क्रासिंग पर अंडर ब्रिज का काम हो शुरू

चकरभाटा बिल्हा रोड पर जो रेलवे क्रॉसिंग है उसपर अंडर ब्रिज की मांग बहुत पुरानी है, क्योंकि विगत कुछ वर्षों में वहां कई हादसे हो चुके हैं, जिसमें कई लोगों की जान जा चुकी है अतः अंडर ब्रिज अनुमति दी जानी चाहिए। घुरू अमेरी रेलवे क्रॉसिंग में अंडर ब्रिज की मांग भी बहुत पुरानी है इसकी स्वीकृति भी मिल चुकी है लेकिन निर्माण कार्य चालू नहीं हो पाया है, जिससे आम जनमानस को बहुत असुविधा हो रही है। अतः अंडर ब्रिज के निर्माण के लिए गंभीरता से विचार करना चाहिए।

### दिल्ली के लिए रविवार को हो ट्रेन कटघोरा में खुले आरक्षण कांउटर

दिल्ली देश की सबसे बड़ी राजनीतिक व्यापारिक केंद्र है लेकिन बिलासपुर से दिल्ली जाने के लिए रविवार को कोई भी एक्सप्रेस ट्रेन जैसे संपर्क क्रांति, जम्मू तवी, हमसफर, जैसी ट्रेन नहीं है, जिससे सोमवार को सुबह दिल्ली पहुंच सकें, अतः रविवार को ट्रेन चलने पर विचार करना चाहिए। कटघोरा में एक रिजर्वेशन काउंटर खोलना चाहिए, क्योंकि 100 किमी के आस पास कोई रिजर्वेशन काउंटर नहीं है । आरक्षण काउंटर खुलने से आसपास के क्षेत्र के लोगों को राहत मिलेगी ।

हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, मंगलवार 25 जून 2024

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255



## एजुकेशन अपडेट

# राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय ने घोषित किए हायर सेकंडरी के नतीजे

**बिलासपुर।** राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान (एनआईओएस) द्वारा अप्रैल सेशन में आयोजित हुईं कक्षा 12वीं एग्जाम में भाग लेने वाले स्टूडेंट्स के लिए खुशखबरी है। एनआईओएस की ओर से 12वीं कक्षा का रिजल्ट ऑनलाइन माध्यम से घोषित कर दिया गया है। एग्जाम में सम्मिलित होने वाले स्टूडेंट्स ऑफिशियल वेबसाइट results.nios.ac.in पर जाकर परिणाम चेक कर सकते हैं। नतीजे चेक करने के लिए आपको एनरोलमेंट नंबर दर्ज करना होगा। एनआईओएस 12वीं का रिजल्ट 2024 चेक करने के लिए सर्वप्रथम ऑफिशियल वेबसाइट पर जाएं। वेबसाइट के होम पेज पर आपको संबंधित लिंक पर क्लिक करना होगा। अब एनरोलमेंट नंबर एवं दिया गया कोड भरकर सब्मिट बटन पर क्लिक करना है। परिणाम स्क्रीन पर ओपन हो जाएगा, जहां से आप चेक करने के साथ ही मार्कशीट की प्रति भी डाउनलोड कर सकते हैं।

### 30 को बंद होंगे आवेदन पोर्टल

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने कक्षा 10वीं, 12वीं बोर्ड की दूसरी बोर्ड परीक्षाओं के लिए परीक्षा फॉर्म भरने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। राज्य सरकार ने मार्च और जुलाई में छत्तीसगढ़ बोर्ड की कक्षा 10वीं और 12वीं की परीक्षा आयोजित करने का फैसला किया था। मार्च में परीक्षा में शामिल होने वाले छात्र भी दूसरी बार आवेदन करने के पात्र होंगे। सीजीबीएसई कक्षा 10वीं और 12वीं के छात्रों को सामान्य शुल्क के साथ 30 जून तक परीक्षा फॉर्म जमा करना होगा।

## सीजीपीएससी मेंस : आसान रहा प्रश्नपत्र, व्याकरण ने किया परेशान

# पर्यटन, एक देश एक चुनाव पर पूछे गए सवाल, विज्ञापन व ज्ञापन में अंतर बताएं

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य सेवा की मेंस की परीक्षा सोमवार को दो पालियों में सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक व दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक आयोजित की गई। यह परीक्षा 27 जून तक चलेगी। पहले दिन भाषा और निबंध की परीक्षा आयोजित की गई। भाषा के प्रश्नपत्र में विज्ञापन व ज्ञापन में अंतर पूछा गया। वहीं तालाब में स्नान करने का अलग ही आनंद है, इसका अनुवाद करने कहा गया। इसी तरह एक देश-एक चुनाव और छत्तीसगढ़ के पर्यटन में विकास की संभावनाओं पर 750 शब्दों का निबंध लिखने कहा गया। अभ्यर्थियों को पहले दिन का प्रश्नपत्र आसान लगा, व्याकरण के प्रश्नों ने जरूर थोड़ा परेशान किया। बता दें कि सीजीपीएससी में इस बार 242 पदों पर भर्ती होगी।



### शहर के 5 केंद्रों में परीक्षा

सहायक नोडल अधिकारी जीए अश्वनी ने बताया कि सीजीपीएससी परीक्षा के लिए शहर में गर्ल्स डिग्री कॉलेज और जेपी वर्मा कॉलेज सहित अन्य केंद्र बनाए गए थे। लोक सेवा आयोग द्वारा पीएससी मेंस की परीक्षा 5 केंद्रों में परीक्षा प्रारंभ हुई, प्रथम प्रश्नपत्र में कुल दर्ज 1864 में से 1781 उपस्थित व 83 अनुपस्थित रहे। द्वितीय प्रश्नपत्र में 1774 उपस्थित व 90 अनुपस्थित रहे। आज की परीक्षा का पीएससी सदस्य सरिता उइके द्वारा निरीक्षण किया गया।

### पहले दिन दो विषयों की परीक्षा

### सात विषयों के पेपर तीन दिनों तक होंगे

पीएससी मेंस में डिप्टी कलेक्टर से लेकर नायब तहसीलदार के रिक्त पदों पर भर्ती होगी। मुख्य परीक्षा के लिए 3 हजार 597 अभ्यर्थियों का चयन किया गया है। परीक्षा में कुल सात पेपर होंगे। 25 जून को पहली पाली में सामान्य अध्ययन-1 और दूसरी पाली में सामान्य अध्ययन-2 की परीक्षा हुई। 26 जून को पहली पाली में सामान्य अध्ययन-3 और दूसरी पाली में सामान्य अध्ययन-4 की परीक्षा होगी। वहीं 27 जून को पहली पाली में सुबह 9 बजे से 12 बजे तक सामान्य अध्ययन-5 की परीक्षा होगी।

### मेंस के बाद इंटरव्यू फिर सलेक्शन

सीजीपीएससी में तीन स्तर की परीक्षाओं से अभ्यर्थियों को गुजरना पड़ता है,पहले फेस प्री पीएससी, मेंस पीएससी व अंतिम में इंटरव्यु होता है,इसके बाद ही अभ्यर्थी का चयन इसमें हो पाता है। यह तीनों में अधिक से अधिक अंक हासिल होने पर ही इसमें चयन हो पाता है। कई छात्र अंतिम इंटरव्यु में रिजेक्ट हो जाते है।




### समसामयिक विषयों पर अधिक प्रश्न

दूसरी पाली में सामान्य अध्ययन-2 की परीक्षा में पूरे प्रश्न समसामयिक विषयों पर पूछा गया। दैनिक जीवन में योगा की उपयोगिता, जलवायु परिवर्तन एक वैश्विक चुनौती, विकसित भारत और विकसित छत्तीसगढ़ सहित छत्तीसगढ़ लोक साहित्य और कलाओं की विशेषताएं लिखने कहा गया।

## जागरूकता

# छात्रों ने वित्तीय साक्षरता लाने नुक्कड़ नाटक से किया जागरूक



**बिलासपुर।** स्वामी विवेकानंद उद्यान में सिकासा बिलासपुर द्वारा एक विशेष नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देना था। नाटक का नेतृत्व सीए छात्रों ने किया, जबकि कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने के लिए सीए उदित सोनी, सीए मनीष दुबे और सीए आशीष अग्रवाल भी उपस्थित थे। नुक्कड़ नाटक का मुख्य विषय 'वित्तीय साक्षरता' था, जिसमें बचत, निवेश, बजट प्रबंधन, ऋण और बीमा जैसे महत्वपूर्ण वित्तीय मुद्दों पर प्रकाश डाला गया। छात्रों ने नाटक के माध्यम से सरल और रोचक तरीके से दर्शकों को यह समझाने का प्रयास किया कि कैसे सही वित्तीय निर्णय लिए जा सकते हैं और आर्थिक संकटों से बचा जा सकता है। सिकासा चेयरपर्सन सीए उदित सोनी ने इस अवसर पर कहा, हमारा उद्देश्य समाज में वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देना है। आज का यह नाटक लोगों को वित्तीय ज्ञान प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सीए मनीष दुबे और सीए आशीष अग्रवाल ने भी अपने विचार साझा करते हुए इस पहल की सराहना की और छात्रों के प्रयासों की प्रशंसा की। इस आयोजन में विभिन्न आयु वर्ग के लोग उपस्थित थे, जिनमें बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी शामिल थे। दर्शकों ने नाटक के माध्यम से प्राप्त जानकारी को सराहा और इसे अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। स्वामी विवेकानंद उद्यान में आयोजित इस नुक्कड़ नाटक ने वित्तीय साक्षरता के प्रति जागरूकता फैलाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**स्वामी विवेकानंद उद्यान में नुक्कड़ नाटक का आयोजन**

## शौर्य दिवस के रूप में मनाया गया बलिदान दिवस

# रानी दुर्गावती के जीवन चरित्र से सभी लें प्रेरणा : कुशाम

**बिलासपुर।** वनवासी विकास समिति बिलासपुर छत्तीसगढ़ एवं बिलासपुर महिला समिति द्वारा सोमवार को वनमाला भवन स्थित स्व. आशा देवी माहेश्वरी ग्रंथालय में वीरांगना रानी दुर्गावती का बलिदान दिवस शौर्य दिवस के रूप में मनाया गया। अतिथि सीता कुशाम ने कहा कि हम सभी को रानी दुर्गावती के जीवन चरित्र से प्रेरणा लेनी चाहिए।

कार्यक्रम का शुभारंभ संगठन मंत्र से किया गया। रानी दुगावती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इसके बाद अतिथि सीता कुशाम, राजकुमार सचदेव बिलासपुर विभाग संघ चालक, भुवन राज, प्रांत सहसचिव वन विकास समिति, आनंद महादिक नगर समिति अध्यक्ष, सुधा सिंह संयोजिका महिला समिति का परिचय दिया गया। स्वाति राज गुप्ता ने कार्यक्रम की प्रस्तावना पर प्रकाश डाला एवं समिति की अखिल भारतीय संगठन कल्याण आश्रम स्थापना की आवश्यकता क्यों पड़ी एवं नगर में होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी। अतिथि श्री सचदेव ने सभी को अपना मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम का संचालन मोना बोड़के एवं आभार प्रदर्शन रेखा गुल्ला ने किया।






### इनकी रही उपस्थिति

इस मौके पर रामचंद्र राठौर, सुरेंद्र देवांगन, अंजलि चावड़ा, किरण सिंह, सुधा गुप्ता सहित अन्य लोगों की उपस्थिति रही।

### अपने पिता की थीं प्रतिबिंब

ग्रंथालय के बच्चे राहुल शाह व विनया ध्रुव ने रानी दुर्गावती के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जनजाति वीरों ने अंग्रेजों के सामने अपने शौर्य का परिचय दिया। उनका जन्म महोबा राजा कीर्ति सिंह के घर में हुआ था। उस दिन अष्टमी थी इसलिए उनका नाम दुर्गावती रखा गया। उसे बचपन में ही पिता ने शस्त्र विद्या का प्रशिक्षण दिया। दुर्गावती अपने पिता की एकमात्र संतान थी। पिता शिकार करने जाते तो उनके साथ जाती थीं। साहस, वीरता, युद्धकला व राजनीति का पाठ भी उन्होंने पढ़ा। सर्वगुण संपन्न दुर्गावती अपने पिता की प्रतिबिंब थी।

# मम्मा ने जीवन ऊंचा बनाने सभी को सिखाईं श्रेष्ठ धारणाएं : बीके स्वाति



**बिलासपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की प्रथम मुख्य प्रशासिका मातेश्वरी जगदंबा की 59 वीं पुण्य स्मृति दिवस पर ब्रह्माकुमारीज बिलासपुर के मुख्य सेवा केंद्र टेलीफोन एक्सचेंज रोड स्थित राजयोग भवन में सभी ब्रह्माकुमार भाई-बहनों द्वारा पुष्पांजलि दी गई। सेवा केंद्र संचालिका बीके स्वाति दीदी ने मातेश्वरी जगदंबा के बारे में बताते हुए कहा कि मातेश्वरी जगदम्बा सरस्वती जिन्हें प्यार से सभी ब्रह्मा वत्स मम्मा कहते है। 1919 में अमृतसर में एक साधारण परिवार में उनका जन्म हुआ था। उनके बचपन का नाम ओम राधे था। मम्मा जब ओम की ध्वनि का उच्चारण करती थीं तो पूरे वातावरण में गहन शांति छा जाती थी, इसलिए मम्मा ओम राधे के नाम से लोकप्रिय हुईं। ब्रह्मा बाबा ने कोई भी ज्ञान की बात मम्मा को कभी दोबारा नहीं सिखाई। मम्मा के कुशल प्रशासन और मधुर शिक्षाएं आज भी हम सबके लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने हम सभी को जीवन ऊंचा बनाने के लिए श्रेष्ठ धारणाएं सिखाईं। सभी को गाइड किया और ज्ञान का स्वरूप बनकर आदर्श प्रस्तुत किया। उनका जीवन तपस्वी और महान था।

**मातेश्वरी जगदंबा की पुण्य स्मृति दिवस पर दी गई पुष्पांजलि**

### था सच्चाई का विशेष गुण

दीदी ने बताया कि उनके जीवन में सच्चाई और सफाई का विशेष गुण था। मम्मा सदा कहती थीं कि हर घड़ी अंतिम घड़ी है, इसलिए अपने कर्मों पर पूरा ध्यान हो। हमारे कर्म ऐसे दिव्य, श्रेष्ठ और महान हो कि हमें देखकर दूसरे भी उस राह पर चलने के लिए प्रेरित हो सके। मम्मा बचपन से ही तपस्वी और दिव्य बुद्धि की धनी थीं। उनके सामने कैसी भी परिस्थिति आई लेकिन वह कभी विचलित नहीं हुईं। उन्होंने कठिन योग-साधना से स्वयं को इतना शक्तिशाली बना लिया था। मम्मा रात में 2 बजे से योग-साधना करती थीं। उनके जीवन में लव एंड लॉ का बैलेंस था। कम उम्र की होने के बाद भी व्यक्तित्व इतना विशाल था कि सभी को मां की अनुभूति होती थी। ईश्वरीय विश्व विद्यालय में शुरुआत में अनेक परीक्षाएं आईं लेकिन मम्मा ने अपने गंभीर स्वभाव और धैर्यता से सभी का सामना किया। व्यवहारिक रूप से कर्मयोग की मिसाल थीं। 24 जून 1965 को अपने मम्मा ने नश्वर देह का त्याग करके संपूर्णता को प्राप्त किया था।

### लगाए गए भोग

मम्मा की पुण्य स्मृति दिवस पर राजयोग भवन सेवा केन्द्र में 56 प्रकार के भोग लगाए गए। मम्मा की इन्हीं विशेषताओं को याद करते हुए सभी भाई-बहनों ने मम्मा को प्रेम पूर्वक अपने स्नेह सुमन अर्पित किया एवं परमात्मा प्रसाद स्वीकार किया। दिन भर में 500 से अधिक लोगों को उपस्थिति रही।

## आयोजन

# बैठक में गौ कृपा महोत्सव की तैयारी को लेकर की गई चर्चा



**बिलासपुर।** बिलासपुर गौ सेवा धाम द्वारा आज गौ कृपा महोत्सव के उपलक्ष्य में एक बैठक आयोजित की गई। इसमें कथा, शोभायात्रा, प्रतिदिन प्रसाद सहित अन्य व्यवस्था के संबंध में चर्चा कर कार्ययोजना बनाई गई।

समिति के सचिव विपुल शर्मा ने बताया कि गौ माता रोड में एक्सीडेंट में खत्म हो जाती है। उनकी आत्मा की शांति के लिए एवं गौ माता राष्ट्र माता घोषित हो इस संकल्प के साथ गौ सेवकों द्वारा गौ कथा आयोजित की जा रही है। उन्होने बताया कि शोभायात्रा बिलासपुर गौ सेवा धाम से गोल बाजार, सदर बाजार होते हुए मिलन मंदिर जाएगी। शोभायात्राा में ढोल, ताशा, बैंड एवं झांकियां आकर्षण की केंद्र रहेगी। बैठक में बिलासपुर गौ सेवा धाम के अध्यक्ष बजरंग अग्रवाल, ललित माखीजा, विपुल शर्मा, गोपाल कृष्ण रामानुजदास, शत्रुहन यादव, आशीष यादव, शुभम शुक्ला, गोपाल मजूमदार, दिव्यांश रजक, विकास यादव, अभिषेक गुप्ता, अनिरुद्ध शर्मा, विक्की शर्मा, शिवांश पांडेय आशीष त्रिपाठी, यशवंत शर्मा की उपस्थिति रही।

**कथा, शोभायात्रा, प्रसाद व्यवस्था को लेकर बनाई गई कार्ययोजना**

### कथा 11 से, आएंगे राष्ट्रीय संत

कथा 11 से 18 जुलाई तक शाम 4 बजे से रहेगी। अंतिम दिवस भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन में राजनीतिक दल के बड़े नेताओं एवं राष्ट्रीय संतों की उपस्थिति रहेगी। मिलन मंदिर सिम्स चौक आदि स्थानों में बैनर, पोस्टर एवं तोरण द्वार लगाए जाएंगे।

## कार्नर न्यूज

## शासकीय व निजी स्कूल में कल मनाया जाएगा शाला प्रवेशोत्सव

# स्कूलों में बच्चों का होगा स्वागत




**बिलासपुर।** 26 जून से एक बार फिर स्कूलों में बहार दिखाई देगी। निजी व शासकीय स्कूलों में बच्चों का स्वागत कर प्रवेशोत्सव मनाया जाएगा। डीईओ टीआर साहू ने बताया कि बच्चों को प्रोत्साहित करने स्कूलों में शाला प्रवेश उत्सव मनाया जा रहा है। यह उत्सव 15 जुलाई तक अलग-अलग स्कूलों में मनाया जाएगा, जिसमें उत्कृष्ट पालकों को सम्मानित किया जाएगा। नवप्रवेशी छात्रों का भी तिलक कर अभिनंदन किया जाएगा। इस अवसर निःशुल्क पाठयपुस्तक, यूनिफार्म और साइकिल का वितरण भी किया जाएगा। छात्र-छात्राओं को इसे यादगार बनाने के लिए विशेष व्यवस्था भी की जा रही है। स्कूल परिसर को सजाया जाएगा, जिससे बच्चों में उत्साह रहेगा।

### पुस्तक, गणवेश व पाठ्य सामाग्री का होगा वितरण

इस अवसर पर, बच्चों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तक, गणवेश, साइकिल और अन्य आवश्यक सामग्री प्रदान की जाएगी। नवप्रवेशी छात्रों का तिलक लगाकर अभिनंदन किया जाएगा और उत्कृष्ट पालकों का सम्मान किया जाएगा। प्रवेश उत्सव के लिए स्थानीय समुदाय, आंगनबाड़ी केंद्र, स्व-सहायता समूह, सेवानिवृत्त कर्मचारियों और जनप्रतिनिधियों से सहयोग लिया जाएगा।

### निजी स्कूलों में होगा वार्म वेलकम

**शाला प्रवेश उत्सव कल**




शहर के तमाम निजी स्कूलों में भी पहले दिन को लेकर विशेष तैयारी की गई है। पहले दिन वार्म वेलकम के साथ क्लास में बच्चों की एंट्री होगी। स्कूलों को बैलून से सजाया जाएगा और छोटे बच्चों को चॉकलेट देकर क्लास की शुरूवात होगी।

### साफ-सफाई पूरी

प्राचार्य सवित शर्मा ने बताया कि प्रवेशोत्सव को लेकर पहले ही गाइडलाइन जारी कर दी गई थी। सभी शालाओं में लगभग मरम्मत का काम भी पूरा हो गया है। साफ-सफाई से लेकर कक्षाओं को विशेष रूप से सजाया जाएगा। शाला प्रवेश उत्सव का जोर-शोर से एवं व्यापक प्रचार-प्रसार भी किया गया है।

### स्थानीय जनप्रतिनिधि होंगे अतिथि

स्थानीय जनप्रतिनिधि, शाला विकास समिति एवं पालकों को विशेष रूप से आमंत्रित किया जाएगा। सत्र के प्रारंभ से ही अध्ययन-अध्यापन के लिए बेहतर माहौल तैयार हो सके, इसके लिए जिला स्तर पर आवश्यक रूपरेखा तैयार कर लिया गया है।

## नेशनल इंटर स्टेट सीनियर एथलेटिक्स

# चार खिलाड़ियों का चैंपियनशिप में चयन

**बिलासपुर।** एथलेटिक्स फ़ैडरेशन ऑफ इंडिया के द्वारा 63 वी नेशनल इंटर स्टेट सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन 27 से 30 जून तक चंडीगढ़ में आयोजित की जा रही है, जिसके लिए छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय एथलेटिक्स चयन प्रक्रिया का आयोजन स्वामी विवेकानंद एथलेटिक्स स्टेडियम रायपुर में कराया गया। जिसमे 100 मी., 200 मी॰, 400 मी॰, 800 मी॰, 1500 मी॰, 5000 मी॰, 10000 मी॰, बाधा दौड़, स्टीपल चेस, पोल वाल्ट, ऊंची कूद, लंबी कूद, ट्रिपल जंप, शॉटपुट, भालाफेक, तवा फेक, 20000 मी आदि में चयन हुआ। जिसमें छत्तीसगढ़ के लगभग सभी जिलो से 200 से अधिक बालक -बालिका खिलाड़ियों ने भाग किया। इस प्रतियोगिता में एएफआई के मापदंडो के आधार पर एथलेटिक्स संघ की चयन समिति द्वारा 4 खिलाड़ियों का चयन हुआ है। चयनित खिलाड़ियो मे वाई॰ बालवर्धन राव का 100 m रेस में, तुफ़्फ़ी सुल्तान खान का शॉटपुट में, संजीव रजक का 100 मी॰ एवं 200 मी॰ रेस मे, शेखर तोमर 400 मी. आदि का चयन हुआ । इस टीम के प्रशिक्षक अभिलाष सक्सेना एवं प्रबंधक के॰ श्रीनिवास राव होंगे। खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए जनप्रतिनिधियों ने शुभकामनाएं दी ।



# मुंबई में पौधारोपण कराने निकले अक्षय कुमार

**मुंबई।** अभिनेता अक्षय कुमार अपनी व्यस्त दिनचर्या के बीच सोमवार 24 जून को मुंबई में पौधारोपण का काम कराने निकले। अभिनेता ने बीएमसी और एक एनजीओ के साथ मिलकर यह काम किया। अक्षय कुमार यूं तो इन दिनों अपनी आगामी फिल्मों की तैयारियों में जुटे हुए हैं। मगर, अपने व्यस्त शेड्यूल से समय निकालकर वे मुंबई में पौधारोपण करने निकले। खिलाड़ी ने बृहन्मुंबई नगर आयुक्त एवं प्रशासक भूषण गगरानी के साथ मिलकर मुंबई में पौधारोपण किया। बृहन्मुंबई नगर वृक्ष प्राधिकरण और मेक अर्थ ग्रीन अगेन फाउंडेशन के सहयोग से खेरवाड़ी (बांद्रा) में वेस्टर्न एक्सप्रेसवे के किनारे 200 बहावा पेड़ लगाए जाएंगे।

## लाइफ Style



# त्रिधा

## बैकलेस ड्रेस पहन मीका संग हुईं रोमांटिक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पॉपुलर सिंगर मीका सिंह के साथ 'आश्रम' की 'बबीता भाभी' यानी एक्ट्रेस त्रिधा चौधरी की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। जिसपर यूजर्स अलग-अलग रिएक्शन देते नजर आए। वेब सीरीज 'आश्रम' में 'बबीता'का किरदार निभाने वाली खूबसूरत एक्ट्रेस त्रिधा चौधरी अपने लुक्स से लोगों को दीवाना बनाए रखती हैं।


हाल ही में एक्ट्रेस की कुछ बेहद हसीन तस्वीरें सोशल मीडिया पर सामने आई हैं। जिसमें वो पॉपुलर सिंगर मीका सिंह के साथ रोमांटिक होती नजर आई। मीका सिंह ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर त्रिधा चौधरी के साथ कुछ खूबसूरत तस्वीरें शेयर की हैं।जिसमें दोनों एक-दूसरे की बाहों में पोज देते हुए दिखाई दिए। इन तस्वीरों में त्रिधा चौधरी रेड कलर की हॉट बैकलेस ड्रेस पहने हुए नजर आ रही हैं। उन्होंने बोल्ड मेकअप के साथ बालों को खुला छोड़ा है। वहीं, मीका ब्लैक कलर के कोट-पैंट में काफी डेशिंग लग रहे हैं। मीका सिंह और त्रिधा चौधरी की इन किलर तस्वीरों ने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है। हर कोई इनकी केमिस्ट्री की तारीफ करता हुआ नजर आया। हालांकि कुछ लोग त्रिधा की टांग खिंचाई भी करते दिखे। मीका सिंह और त्रिधा चौधरी की इन किलर तस्वीरों ने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है। हर कोई इनकी केमिस्ट्री की तारीफ करता हुआ नजर आया। हालांकि कुछ लोग त्रिधा की टांग खिंचाई भी करते दिखे। एक यूजर्स ने इन तस्वीरों पर कमेंट करते हुए लिखा, 'निराला बाबा को बताऊंगा..'। वहीं दूसरे ने लिखा, 'ये क्या हो रहा है।'

## हॉलीवुड मसाला



# बारटेंडर ने किया बड़ा खुलासा

**लॉस एंजिलिस।** 'फ्रेंड्स विद बेनिफिट्स' स्टार जस्टिन टिम्बरलेक इन दिनों अपने टूर पर हैं। सूत्रों की मानें तो वे अपनी गिरफ्तारी से पहले सैग हार्बर के अमेरिकन होटल में दोस्तों के साथ शाम बिताई थी। जब पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार किया तब वे नशे की हालत में पाए गए थे, लेकिन गायक ने पुलिस को बार-बार यही कहा था कि उन्होंने सिर्फ एक मार्टिनी पीया है। जस्टिन टिम्बरलेक की गिरफ्तारी के मामले में अब एक नया मोड़ आया है।



# टेलर के कॉन्सर्ट में 'शेक इट ऑफ' पर किया डांस

**नई दिल्ली।** टेलर स्विफ्ट हॉलीवुड की जानी-मानी सिंगर हैं। उनके गाने फैंस को काफी पसंद आते हैं। शुक्रवार को इंग्लैंड के लंदन के वेम्बली स्टेडियम में सिंगर का एरास टूर था, जिसमें टॉम क्रूज, मिला कुनिस, एश्टन कुचर और प्रिंस विलियम समेत कई मशहूर हस्तियां शामिल हुई। इस दौरान वहां से प्रिंस का एक वीडियो अब सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर एक शख्स ने वीडियो शेयर किया है, जिसमें देखा जा सकता है कि कॉन्सर्ट के दौरान स्टेडियम में भीड़ नजर आ रही है। वहीं, स्टैंड में खड़े होकर प्रिंस विलियम टेलर के परफॉर्मेंस को एन्जॉय कर रहे हैं। सिर्फ इतना ही नहीं, वह वीडियो में डांस करते हुए और गाने को गाते हुए भी नजर आ रहे हैं।



# ओटीटी पर डेब्यू करने वाली हैं जैकलीन


**मुंबई।** जैकलीन फर्नांडीज हिंदी सिनेमा की कई फिल्मों में नजर आ चुकी हैं, लेकिन वह अभी तक एक सशक्त अभिनेत्री के रूप में अपनी पहचान स्थापित नहीं कर सकी हैं। अभिनेत्री इन दिनों अपनी डेब्यू ओटीटी सीरीज को लेकर व्यस्त चल रही हैं। उन्हें उम्मीद है कि वह बतौर अभिनेत्री इस सीरीज से दर्शकों के बीच अपनी एक पुख्ता पहचान बना पाएंगी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक,अभिनेत्री की इस डेब्यू वेब सीरीज को जियो सिनेमा ने आर्थिक रूप से समर्थन दिया है, जिसका शीर्षक 'गोट' रखा गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस म्यूजिकल ड्रामा की शूटिंग लगभग समाप्त हो चुकी है। जैकलीन की इस डेब्यू सीरीज का पूरा नाम 'ग्रेटेस्ट् ऑफ ऑल टाइम्स' है। इसमें मुख्य अभिनेता के तौर पर नील नितिन मुकेश भी नजर आने वाले हैं।



# उखड़े-उखड़े से लगे सलमान ...

**नई दिल्ली।** सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल अब एक -दूसरे के हो गए हैं। कपल अपनी शादी को लेकर इन दिनों खबरों में बना हुआ है। 23 जून का कोर्ट मैरिज करने के बाद कपल ने उसी शाम को बॉलीवुड सितारों के लिए पार्टी रखी। जहां अनिल कपूर, रेखा, काजोल से लेकर अन्य सितारों ने शिरकत की। पार्टी में सोनाक्षी के करीब स्टार सलमान खान और पक्की सहेली हुमा कुरैशी भी शामिल हुईं। सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल शादी की पार्टी के दौरान सलमान खान ब्लैक आउटफिट में शामिल हुए थे। कड़ी सुरक्षा के बीच आधी रात को पार्टी में शानदार एंट्री की। हालांकि, इस दौरान सलमान ने फोटो क्लिक करवाने और पोज देने से परहेज किया। रिपोर्ट्स की मानें तो वे बस थोड़ी देर के लिए आए और सीधे अपनी गाड़ी में जाकर बैठ गए।

## टीवी मसाला



# श्रुति और अनुज को दूर कर रही है अनुपमा?

**नई दिल्ली।** आने वाले एपिसोड में अनुपमा को पता चल ही जाएगा कि उसकी स्पाइस एंड चटनी में कॉकरोच कौन डाला था। श्रुति ने इस विवाद में क्या भूमिका निभाई थी। अनुपमा के साथ ही साथ इस बारे में अनुज को भी पता चल जाता है। वहीं, श्रुति इस सच को स्वीकार करते-करते एक ऐसे सच का भी खुलासा करेगी, जिसे सुनकर अनुपमा के पैरों तले जमीन खिसक जाएगी। अनुपमा को कॉकरोच की घटना में श्रुति की भूमिका के बारे में पता चलता है। इस घटना ने उसका करियर बर्बाद कर दिया था।

# शत्रुघ्न को भी मुस्लिम एक्ट्रेस से हुआ था प्यार

**नई दिल्ली।** सोनाक्षी सिन्हा मुस्लिम बॉयफ्रेंड जहीर इकबाल संग शादी कर ट्रोल हो रही हैं। हालांकि एक्ट्रेस के पिता शत्रुघ्न सिन्हा भी कभी मुस्लिम लड़की से इश्क कर बैठे थे। लेकिन फिर इस वजह से पूनम को बनाया था जीवनसाथी। बेटी की शादी में पापा शत्रुघ्न भी बेहद खुश नजर आए। हालांकि कुछ दिन पहले दिग्गज अभिनेता ने ये कहा था कि आजकल के बच्चे शादी के लिए परमिशन नहीं लेते हैं। जिसके बाद लोगों को लगने लगा था कि शत्रुघ्न अपनी बेटी सोनाक्षी के मुस्लिम लड़के से शादी के फैसले से खुश नहीं हैं। वैसे शत्रुघ्न सिन्हा भी एक मुस्लिम एक्ट्रेस से इश्क कर बैठे थे। शत्रुघ्न सिन्हा भी अपनी जवानी के दिनों में एक मुस्लिम एक्ट्रेस से दिल लगा बैठे थे। इस एक्ट्रेस का रियल नाम सायरा है। सायरा के पिता मुस्लिम थे और मां हिंदू थीं। सायरा के मां-बाप का तलाक हो गया था। इसके बाद सायरा की मां ने अपने बच्चों का नाम हिंदू कर दिया और सयारा का नाम रूपा हो गया। रूपा जब फिल्मों में आईं तो मेकर ने उनका नाम बदलकर रीना रॉय कर दिया। 70 के दशक में रीना रॉय और शत्रुघ्न सिन्हा का करियर एक साथ ही चमका था। इस जोड़ी की 'विश्वनाथ', और 'कालीचरण' जैसी फिल्में सुपर-डुपर हिट रही थीं। इसके बाद शत्रुघ्न सिन्हा को लगने लगा था कि रीना रॉय के साथ उनकी जोड़ी को लोग पसंद करते हैं। साथ काम करते हुए दोनों के बीच अफेयर भी शुरू हो गया था। हालांकि शत्रुघ्न सिन्हा की लाइफ में पूनम सिन्हा भी थीं। ऐसे में शत्रुघ्न दुविधा में पड़ गए थे कि वे किससे शादी करें।



# फिल्मों में आने से पहले नेशनल लेवल की खिलाड़ी थीं अभिनेत्री किरण खेर

**नई दिल्ली।** अभिनेत्री और राजनेता रहीं किरण खेर आज किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उन्होंने हिंदी सिनेमा की कई यादगार फिल्मों में काम कर अपनी एक्टिंग का लोहा मनवाया है। किरण खेर एक्टिंग के साथ-साथ अपने तेज तर्रार अंदाज के लिए भी जानी जाती हैं। सिख परिवार में जन्मी एक्ट्रेस का 14 जून को 72वां जन्मदिवस है। आज भी उनके फैंस उन्हें फिल्मों में देखना का इंतजार करते हैं। हालांकि, अब उन्होंने इंडस्ट्री से दूरी बना ली है।

***पंजाबी फिल्म से की करियर की शुरुआत :*** 14 जून, 1952 को चंडीगढ़ के जाट सिख परिवार में किरण संधू के नाम से जन्मी किरण खेर ने पंजाबी फिल्म 'आसरा प्यार दा' से 1983 में अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की। हालांकि, पहले वह सुनील दत्त की एक फिल्म में काम करने वाली थीं, लेकिन बाद में उसे आर्थिक दिक्कतों की वजह से बंद कर दिया गया था। ऐसे में काफी समय तक एक्ट्रेस मुंबई में काम के लिए संघर्ष करती रहीं और फिर उनके हाथ यह पंजाबी मूवी लगी।

इस फिल्म के बाद किरण ने सिनेमा से लम्बा ब्रेक किया और 1996 में पेस्टनजी के साथ वापसी की। इस मूवी में उन्होंने छोटे से किरदार में अनुपम खेर के साथ काम किया और इसके बाद कुछ टीवी शो को होस्ट भी किया। सही मायनों में उनकी वापसी श्याम बेनेगल की फिल्म सरदारी बेगम से हुई थी।



## दीपिका के पिता के साथ खेला बैडमिंटन

फिल्मी करियर शुरू होने से पहले किरण खेर एक्टिंग के साथ-साथ स्पोर्ट्स में भी काफी एक्टिव रही हैं। उन्होंने फर्स्टपोस्ट को दिए एक इंटरव्यू में बताया था कि मेरी बहन और मैंने प्रकाश पादुकोण (दीपिका पादुकोण के पिता और दिग्गज बैडमिंटन खिलाड़ी) और उनके साथियों के साथ देश के लिए बैडमिंटन खेला है। मैं स्कूल और कॉलेज के दौरान एक ऑल राउंडर थी।

## अनुपम खेर से की दूसरी शादी

किरण खेर अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर भी काफी सुर्खियों में रही हैं। उन्होंने पहली शादी गौतम बेरी से की थी, लेकिन वो शादी कुछ सालों तक ही चल पाई और दोनों का तलाक हो गया।

**न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)**

**विवाह सूचना का प्रकाशन**

क्रमांक क/ /वाचक/ अति-कले/2024, बिलासपुर, दिनांक 18 .06 .2024

श्री महेश रामानन्द शर्मा आत्मज स्व. रामानन्द शर्मा (माता श्रीमती दर्शना देवी) उम्र 34 वर्ष निवासी 159 वार्ड नंबर 10 सिवानी थाना व तहसील सिवानी जिला-भिवानी (हरियाणा) पिन-127046 एवं कुमारी मिनी ठाकुर आत्मजा स्व. प्रताप सिंह ठाकुर, माता स्व. तिलेश्वरी ठाकुर (संरक्षक बड़ी बहन-डॉ. नीलेश ठाकुर) उम्र 36 वर्ष निवासी 15/302, जब्बल गली 03 नेहरू नगर थाना सिविल लाईन तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग.

द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-5 के तहत सूचना पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः प्राप्त सूचना का प्रकाशन सर्व साधारण के लिए दैनिक समाचार पत्र में किया जाता है। इस विवाह के संबंध में यदि कोई आपत्ति या दावा हो तो अपनी आपत्ति/दावा इस कार्यालय में दिनाँक 25 .07 .2024 को प्रातः 11:00 बजे प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति / दावा पर कोई विचार करना संभव नहीं होगा।


महेश रामानन्द शर्मा


कुमारी मिनी ठाकुर

**विवाह अधिकारी**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मौजा ग्राम बहतराई, प.ह.नं. 20/31 रा.नि.मं. बिलासपुर, वि.खं. बिल्हा तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नंबर 501/10 रकबा -2450 वर्गफीट की भूमि को विक्रेता श्रीमती अनुराधा दुबे पति श्री शरद दुबे , निवासी 810/4 गुलाब नगर मोपका, तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. वाली से क्रय किये जाने हेतु पक्का सौदा किया जाकर अग्रिम राशि का भुगतान की जा चुकी है, तथा निकट समय पर रजिस्ट्री होनी तय है। यदि जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था/ निकाय/बैंक को वर्णित खसरा, रकबा की भूमि के संबंध में किसी प्रकार का कोई भी आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर अपना आपत्ति मय दस्तावेजों सहित नीचे दिए गये पते पर प्रस्तुत कर अवगत करावें। नियत समयावधि पश्चात किये जाने वाली आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा, तथा आवश्यक रूप से अपने पक्ष में रजिस्ट्री करा ली जावेगी।

सो सूचना जानें।
दिनांक-24 .06 .2024
बिलासपुर (छ.ग.)

**भवदीय**
**श्रीमती पूर्णिमा देवी, पति श्री तिरथ राम पता-इंदिरा विहार कालोनी, म.नं. ए/52, सरकण्डा, नूतन चौक, तहसील व जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**
**मो. 9534170933**

**न्यायालय तहसीलदार**
**बिलासपुर जिला - बिलासपुर**
**मामले की श्रेणी: राजस्व**

संदर्भ:- जिला- बिलासपुर तहसील- बिलासपुर प.ह.न.- 00040 तिफरा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- RD202324400108600108

**ईश्तहार**

तहसील बिलासपुर के प.ह.न. 00040 के अंतर्गत ग्राम तिफरा के वर्तमान भूमिस्वामी रामचरण भारद्वाज पिता/पति-इतवारी भारद्वाज पता-सा देह, उर्मिला पिता/पति - रामदास पता-सा देह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 859/3(0.0040) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता संजय सिंह गहलोत पिता/पति-शोभ लाल सिंह गहलोत पता- विकास नगर बिलासपुर के नाम पर पंजीयन / फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरुस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 3 .07 .2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर जिला बिलासपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता /आममुख्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 03/06/2024 को जारी किया जाता है।

**तहसीलदार, तहसील-बिलासपुर**

**कार्यालय पटवारी हल्का नं. 23**
**रा.नि.मं. जरौधा तहसील तखतपुर**
**जिला- बिलासपुर (छ.ग.)**

**सूचना पत्र**

प्रति, आवेदक मोती लाल पिता चैन सिंह 1. शिवराम पिता चैन सिंह 2. रामकुमार पिता चैन सिंह 3. शत्रुहन लाल पिता चैन सिंह 4. सरस्वती पिता चैन सिंह 5. दिलहरण पिता कन्हैया 6. मनहरण पिता गोकूल 7. गणेश पिता 8. संदीप पिता बनवाली एवं अन्य हितबद्ध पक्षकार

विषय: जांच संबंधी/ सीमांकन संबंधी/ वारिशान संबंधी/ अभिलेख जांच संबंधी उपस्थिति बाबत्।

संदर्भ: न्यायालय तहसीलदार तखतपुर के ज्ञापन क्र. ..../वा.तह./2021-22/ तखतपुर दिनांक 10 .06 .2024

विषयांतर्गत आवेदक श्री मोतीलाल कश्यप पिता चैन सिंह जाति कुर्मी निवासी ग्राम देवरीखुर्द द्वारा ग्राम देवरीखुर्द प.ह.नं. 23 स्थित भूमि खसरा नंबर 205/2, 281/3, 409/6 रकबा क्रमशः 0.1182, 0.0138, 0.2022 हे. भूमि की जांच संबंधी बटांकन संबंधी/ सीमांकन संबंधी/ बंटवारा संबंधी/ अभिलेख जांच संबंधी प्रस्तुत किया गया है जिसके संबंध में आप सभी को सूचित किया जाता है कि आप सभी लोग संबंधित समस्त कागजात लेकर दिनांक 26 .06 .2024 को समय 11AM बजे से 05 PM के बीच में मौका/ कार्यालय पर उपस्थित होवें। उक्त समय पश्चात की गई आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

टीप: विशेष परिस्थिति में अपरिहार्य कारणों से उक्त तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।

**पटवारी हल्का नंबर 23**
**तहसील तखतपुर**
**जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय पटवारी हल्का नं. 23**
**रा.नि.मं. जरौधा तहसील तखतपुर**
**जिला- बिलासपुर (छ.ग.)**

**सूचना पत्र**

प्रति, आवेदक रामकुमार पिता चैन सिंह 1. शिवराम पिता चैन सिंह 2. मोती लाल पिता चैन सिंह 3. शत्रुहन लाल पिता चैन सिंह 4. सरस्वती पिता चैन सिंह 5. दिलहरण पिता कन्हैया 6. मनहरण पिता गोकूल 7. गणेश 8. संदीप पिता बनवाली एवं अन्य हितबद्ध पक्षकार

विषय: जांच संबंधी/ सीमांकन संबंधी/ वारिशान संबंधी/ अभिलेख जांच संबंधी उपस्थिति बाबत्।

संदर्भ: न्यायालय तहसीलदार तखतपुर के ज्ञापन क्र. ..../वा.तह./2021-22/ तखतपुर दिनांक 11.06 .2024

विषयांतर्गत आवेदक श्री रामकुमार कश्यप पिता चैन सिंह जाति कुर्मी निवासी ग्राम देवरीखुर्द द्वारा ग्राम देवरीखुर्द प.ह.नं. 23 स्थित भूमि खसरा नंबर 205/3, 281/4, 409/7 रकबा क्रमशः 0.1182, 0.0138, 0.2022 हे. भूमि की जांच संबंधी बटांकन संबंधी/ सीमांकन संबंधी/ बंटवारा संबंधी/ अभिलेख जांच संबंधी प्रस्तुत किया गया है जिसके संबंध में आप सभी को सूचित किया जाता है कि आप सभी लोग संबंधित समस्त कागजात लेकर दिनांक 26 .06 .2024 को समय 11AM बजे से 05 PM के बीच में मौका/ कार्यालय पर उपस्थित होवें। उक्त समय पश्चात की गई आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

टीप: विशेष परिस्थिति में अपरिहार्य कारणों से उक्त तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।

**पटवारी हल्का नंबर 23**
**तहसील तखतपुर**
**जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय नायब तहसीलदार बोदरी**
**जिला- बिलासपुर (छ.ग.)**
-:: पेपर नोटिस ::-

पक्षकार श्री बिसरू पिता रामचरन वर्मा जाति कुर्मी ...आवेदक

बनाम

खोलबहरा पिता जंतराम वगै. ...अनावेदक

एतद् द्वारा खोलबहरा पिता जंतराम यादव निवासी सेंवार प.ह.नं. 08 तहसील बोदरी जिला बिलासपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री बिसरू पिता रामचरन जाति कुर्मी निवासी ग्राम सेंवार पह.नं. 08 तहसील बोदरी जिला बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा ग्राम कडार म.नं. 01 प.ह.नं.-08 तहसील बोदरी मे स्थित भूमि खसरा नम्बर 324 रकबा - 0235 हे. भूमि को पंजीकृत बैनामा दिनांक 16/05/1988 को खेलावन वल्द संतराम से एवं खसरा नम्बर 488 रकबा 0.283 हे. को रिखिराम वल्द भुखउ से पंजीकृत बैनामा दिनांक 30/03/1989 को मेरे पिता रामचरन वल्द सुनहर के द्वारा क्रय किये जाने का उल्लेख करत हूए ऑनलाईन दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अत: इस संबंध मे आप अपना उपस्थित अगामी पेशी दिनांक 09/07/2024 को न्यायालय नायब तहसीलदार बोदरी जिला बिलासपुर मे न्यायालयीन समय मे स्वत:/ अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होवे।

आज दिनांक 21/06/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार**
**बोदरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**Notice**
**M/S SHRI BALAJI CONSTRUCTIONS**

UNDER SECTION -72 OF INDIAN PARTNERSHIP ACT 1932 IT IS HERE BY NOTIFIED TO GENERAL PUBLIC THAT FIRM M/S SHRI BALJI CONSTRUCTIONS REG NUMBER-222201797165. DATE-20/12/2017 IS GOING TO INTRODUCE M/S RAM NIWAS AGRAWAL AS A NEW PARTNER FROM W.E.F. 20/04/2024. FURTHER THE REMAINING PARTNERS-
(1) LAXMI CHARAN AGRAWAL (2) JAGDAMBA PRASAD AGARWAL (3) M/S RAMNIWAS AGRAWAL (PARTNER- DURGESH AGRAWAL AND RAMESH AGRAWAL)
WILL CONTINUE THE SAID FIRM.
FOR M/S SHRI BALAJI CONSTRUCTIONS, MEDICAL COMPLEX,TELIPARA,BILASPUR (CG)

**For, Shri Balaji Constructions**
**Partner**

**न्यायालय नायब तहसीलदार**
**सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

ग्राम अमेरी तह. सकरी
जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती सरोजनी वर्मा पति संजीव कुमार वर्मा निवासी मंगला जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा ग्राम अमेरी प.ह.न. 43 तहसील सकरी स्थित भूमि ख.न 121/22 रकबा क्रमशः 0. 0110 हेक्ट. भूमि का क्रय के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पेश किया है। भूईया आईडी से राजस्व न्यायालय में लिया गया है। नामांतरण आदेश जारी करने हेतु आम ईश्तहार के माध्यम से दावा/ आपत्ति आमंत्रित किया जाता है।

अत: उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/ आपत्ति हो तो वह अपना दावा/ आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 18/7/24 तक प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि पश्चात दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 24/6/24 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार**
**सकरी**

**आम सूचना**

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मौजा ग्राम रमतला, प.ह.नं. 24, रा.नि.मं. कोनी, तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नंबर 1213 रकबा 0.2020 हे. एवं खसरा नंबर 1129 रकबा 0.4780 हेक्टेयर की भूमि को विक्रेता श्रीमती परमेश्वरी साहू पति श्री विनोद साहू, निवासी ग्राम सेन्दरी, तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. वाली से क्रय करने का पक्का सौदा किया जाकर अग्रिम राशि का भुगतान किया जा चुका है, तथा निकट समय में रजिस्ट्री होना तय है। यदि जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था/ निकाय/बैंक को किसी भी प्रकार की कोई भी अनुबंधित भूमि के संबंध में आपत्ति हो तो मय दस्तावेज सहित अपना आपत्ति इस आम सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर नीचे दिए गये पते पर प्रस्तुत करें। अन्यथा की स्थिति में क्रेता-विजय कुमार यादव पिता स्व. श्री बसंत लाल यादव, निवासी-कोनी बिलासपुर छ.ग. के द्वारा अपने नाम पर रजिस्ट्री करा लेंगे।

सो सूचना जानें।
दिनांक-24 .06 .2024
बिलासपुर (छ.ग.)

**भवदीय**
**विजय कुमार यादव**
**मो. 9098216495**

## खबर संक्षेप

### मीसा बंदियों के परिवार का सम्मान आज

**मुंगेली।** देश में आपातकाल 25 जून 1975 को लगाया गया था। जिले के मीसा बंदियों के परिवार का सम्मान 25 जून को 3 बजे जिला भाजपा कार्यालय में प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी, विधायक पुन्नूलाल मोहले की उपस्थिति में किया जाएगा। जिला भाजपा अध्यक्ष शैलेश पाठक ने बताया कि जिले में निवासरत मीसा बंदी परिवार के सदस्यों का मंगलवार को 3 बजे जिला भाजपा कार्यालय में प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी, विधायक पुन्नूलाल मोहले की उपस्थिति में किया जाएगा। कार्यक्रम में जिले में निवासरत सभी प्रदेश के पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य, जिले के पदाधिकारी कार्यकारिणी सदस्य, मोर्चा के प्रदेश एवं जिला के पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्यों तथा भाजपा कार्यकर्ताओं को आमंत्रित किया गया है।

### पति पत्नी ने एक दूसरे के खिलाफ लिखाई रिपोर्ट

**तखतपुर।** घरेलू बातों को लेकर पति पत्नी ने थाने में एक दूसरे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने एक दूसरे की रिपोर्ट पर धारा 294, 506, 323 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया। टिकरीपारा निवासी सुशील शिवहर ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि उसकी पत्नी 22 जून की रात 9 बजे घर में उसके साथ वाद विवाद करते हुए मारपीट की। वहीं पत्नी दीपशिखा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसका पति सुशील शिवहरे भाई के नाम से वाद विवाद करते हुए उसके साथ मारपीट कर दिया। दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर पुलिस ने एक दूसरे की रिपोर्ट पर धारा 294, 506, 323 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

### पटेल समाज ने पालिका अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा

**तखतपुर।** नवीन सब्जी बाजार का नाम शांकभरी देवी के नाम से करने पटेल समाज ने पालिका अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा है। वार्ड 7 में पहले सब्जी बाजार लगता था जिसे अब मण्डी चौक में स्थानांतरित कर दिया गया है। अब पटेल समाज के लोगों ने पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि कृष्ण कुमार साहू से मुलाकात किया और मांग किया कि सब्जी बाजार का नाम शांकभरी देवी के नाम से किया जाए।

## निधन

### रेखा राय



**बिलासपुर।** मध्यनगरीय चौक निवासी श्रीमती रेखा राय का 24 जून को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा ग्रीनगार्डन कॉलोनी से सरकंडा मुक्तिधाम के लिए दोपहर 12 बजे निकलेगी। वे स्व. डॉ. केके राय की पत्नी व आलोक राय, अखिल राय और दीप्ति वर्मा की मा थीं।

### लक्ष्मीन कोरी



**बिलासपुर।** देवनगर कोनी निवासी श्रीमती लक्ष्मीन कोरी का 24 जून को निधन हो गया। वे 66 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार 25 जून मंगलवार को सुबह 11बजे सरकंडा मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे भागवत कोरी की पत्नी व कौशल, कैलाश, सोनू कोरी की मां थीं।

### शिव प्रसाद चतुर्वेदी



**बिलासपुर।** मिनोचा कालोनी निवासी शिव प्रसाद चतुर्वेदी का 24 जून को निधन हो गया। वे 77 वर्ष के थे। उनकी अंतिम यात्रा 25 जून सुबह 10 बजे उनके निज निवास से सरकंडा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे दिल्ली आईएएस एकेडमी के संस्थापक सौरभ चतुर्वेदी के पिता थे।

### रमेश यादव



**बिलासपुर।** बहतराई निवासी रमेश यादव उर्फ तिहारू 68 वर्ष का 24 जून को निधन हो गया। उनका अन्तिम संस्कार 25 जून को सुबह 10 बजे गृह ग्राम बहतराई में किया जाएगा । वे अधिवक्ता उदल उर्फ मंगल यादव के पिता थे।

---

### प्रगतिरत कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण करने के प्रभारी मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने दिए निर्देश

# डीएमएफ की बैठक में 44 कार्यों के लिए 9 करोड़ मंजूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ पेंड्रा

जिले के प्रभारी मंत्री, स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जयसवाल की अध्यक्षता में आयोजित डीएमएफ के शासी परिषद की बैठक में 44 कार्यों के लिए 8 करोड़ 83 लाख 21 हजार का अनुमोदन किया गया। मंत्री ने वित्तीय वर्ष 2020-21 से 2023-24 की अवधि के प्रगतिरत 418 कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए।

■ 418 कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए

बैठक में कलेक्टर सह शासी परिषद की पदेन अध्यक्ष लीना कमलेश मंडावी ने डीएमएफ के तहत जिले को अब तक प्राप्त आबंटन, स्वीकृत, व्यय राशि की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले को अब तक प्राप्त कुल 98 करोड़ 14 लाख की राशि प्राप्त हुई है तथा 1280 में से 862 कार्य पूर्ण हो गए है, जबकि 418 कार्य प्रगति पर है। बैठक में वर्ष 2023-24 के लिए नवीन कार्यों की विस्तृत जानकारी से परिषद को अवगत कराया। बैठक में डीएमएफ के नोडल अधिकारी ऋचा चंद्राकर ने बिन्दुवार कार्यों व राशि की जानकारी दी। बैठक में मरवाही विधायक प्रणव कुमार मरपच्ची, कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव, जिला पंचायत बिलासपुर के अध्यक्ष अरुण चौहान, उपाध्यक्ष श्रीमती हेमकंवर श्याम, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद पेण्ड्रा राकेश जालान, जनपद अध्यक्ष मरवाही प्रताप सिंह मरावी, जनपद अध्यक्ष गौरेला ममता पैकरा, जनपद अध्यक्ष पेण्ड्रा आशा बबलू मरावी, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद श्रीमती गंगोत्री राठौर, एसपी भावना गुप्ता, वनमंडलाधिकारी रौनक गोयल, अपर कलेक्टर नम्रता आनंद डोंगरे, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बिलासपुर आरपी चौहान, परियोजना निदेशक डीआरडीए केपी तेंदुलकर सहित अन्य उपस्थित थे।



डीएमएफ के शासी परिषद की बैठक लेते जिले के प्रभारी मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल।

#### एक दिवसीय प्रवास में पहुंचे प्रभारी मंत्री

जिले के प्रभारी मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल आज एक दिवसीय प्रवास में पहुंचे। मीडिया से चर्चा के दौरान कहा कि बलौदाबाजार की घटना में कांग्रेस की बड़ी भूमिका रही है। यह हम नहीं आम जनता कह रही है। सोशल मीडिया में, वीडियो में कांग्रेस के पूर्व मंत्री और विधायक का जमावड़ा दिखाई दे रहा है। वही भूपेश बघेल के कांग्रेसी नेताओं का नाम लिए जाने और फंसाने का दबाव बनाने वाले आरोप के जवाब में श्याम बिहारी ने कहा कि पुलिस कोई दबाव नहीं बना रही है। इस दौरान मरवाही विधायक प्रणव मरपच्ची और जिला अध्यक्ष कन्हैया राठौर के साथ कार्यकर्ता उपस्थित थे।

#### राजस्व के एक भी प्रकरण नहीं हो लंबित

प्रभारी मंत्री ने विभागीय गतिविधियों की समीक्षा के दौरान कहा कि जमीन से संबंधित एक भी प्रकरण लंबित नहीं होना चाहिए तथा सीमांकन के सभी 90 लंबित प्रकरण एक सप्ताह के भीतर अनिवार्य रूप से निराकृत करें। उन्होंने किसानों की आय बढ़ाने के लिए कृषि के अलावा उन्हें जिले में निर्मित 119 अमृत सरोवरों में मछली उत्पादन हेतु निशुल्क मछली बीज उपलब्ध कराने और उद्यानि फसलों- आम, केला, पपीता, कटहल आदि की खेती के लिए करें प्रेरित करने कहा।

#### जिला चिकित्सालय का किया निरीक्षण

**गौरेला।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी ने प्रवास के दौरान जिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया। उन्होंने विभिन्न वार्डों में जाकर भर्ती मरीजों का हालचाल पूछा और उपलब्ध चिकित्सा जांच उपकरणों एवं स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने सुरक्षित एवं संस्थागत प्रसव कराने के साथ ही अस्पताल की रख-रखाव एवं स्वच्छता के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिए। जायसवाल ने बेहतर चिकित्सा सुविधा के लिए जिला अस्पताल में सीटी स्कैन मशीन लगाने फोन से संचालक स्वास्थ्य को निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान विधायक मरवाही प्रणव कुमार मरपच्ची, कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी, पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता भी उपस्थित रहीं।

#### शिकायत मिलने पर संज्ञान लिया जाएगा

भाजपा जिला अध्यक्ष कन्हैया के द्वारा गौरेला नगर पालिका सीएमओ नारायण साहू को फोन पर गाली गलौज मामले में श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि पीड़ित के द्वारा मामले में किसी प्रकार की शिकायत मिलने पर संज्ञान लिया जाएगा। चूंकि जिला अध्यक्ष का मामला संगठन का एक विशेषाधिकार मामला है।

## कृषि विभाग का दफ्तर पुराने आफिस में स्थानांतरित



एसडीएम कार्यालय में शिफ्ट कृषि विभाग का दफ्तर।



नगर से दूर चोरभट्ठीखुर्द में संचालित हो रहा कार्यालय

कृषि विभाग का दफ्तर शिफ्ट होने से किसानों को हो रही परेशानी

हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

**तखतपुर।** कृषि विभाग का दफ्तर विकासखण्ड मुख्यालय से 25 किमी दूर चोरभट्ठीखुर्द स्थानांतरित कर दिया गया था। किसानों की इस समस्या को हरिभूमि ने 13 जून के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित कराया था। खबर पर संज्ञान लेते हुए अब यह दफ्तर एसडीएम कार्यालय के पुराने आफिस में स्थानांतरित हो गया।

वर्षों से तहसील चौक पर स्थित कृषि विभाग का कार्यालय संचालित हो रहा था जो भवन काफी जीर्णशीर्ण हो गया था वहां पर बैठकर काम करने के लिए कृषि विभाग के कर्मचारी और अधिकारंयों को असुविधा हो रही थी। कई बार छज्जा भी गिर जा रहा था और बारिश के दिनों में पानी भी टपकता था। विभाग इस भवन की मरम्मत के लिए 5 लाख स्वीकृत भी हुआ था परंतु समय पर प्रारंभ नहीं होने के कारण राशि लेप्स हो गई। कृषि विभाग के अधिकारीयों को जब कोई वैकल्पिक जगह नहीं मिल पाया तो विभाग का चोरभट्ठीखुर्द में एक दफ्तर में शिप्ट कर दिया गया। और इसके कारण किसानों को भारी समस्या होने लगी। उन्हें 25 किमी दूर एक काम के लिए चोरभट्ठी जाना पड़ रहा था। इस पीड़ा को हरिभूमि ने प्रमुखता से प्रकाशित किया। इसके साथ ही विधायक धर्मजीत सिंह ने भी अधिकारीयों को निर्देशित किया था कि तीन दिन के भीतर कार्यालय वापस तखतपुर में आना चाहिए। इसके बाद आनन फानन में एसडीएम के पुराने कार्यालय को कृषि विभाग के लिए चिंहित किया गया अब यह भवन इसी कार्यालय में संचालित हो रहा है।

## आधे-अधूरे सड़क निर्माण के चलते बस स्टैण्ड बना तालाब, राहगीर परेशान

**नवनिर्मित सड़क की गुणवत्तायुक्त पर शिकायत कर रहे हैं ग्रामीण**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेतगंगा/मुंगेली

बिलासपुर, तखतपुर, मुंगेली, पंडरिया नेशनल हाइवे मार्ग की दशा किसी से छिपी नही है। निर्माण से पूर्व इन मार्गों में जगह-जगह गड्ढ़ा हो गया था। नवनिर्मित सड़क की गुणवत्तायुक्त नहीं है जिसकी शिकायत ग्रामीण कर रहे है।

सड़क चौड़ीकरण व सौंदर्यीकरण के लिए ग्रामीणों ने अनेक बार जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों से गुहार लगाई थी। परिणाम स्वरूप मुंगेली बाघामुड़ा से कवर्धा पोड़ी तक 42 किमी. की दूरी लागत 350 करोड़ की राशि शासन से स्वीकृत की गई है। ठेकेदार के द्वारा सड़क निर्माण कार्य कछुएं की गति से की जा रही है। सड़क निर्माण के दौरान जगह-जगह पर आधा-अधूरा छोड़ दिया गया है। जिसके चलते ग्रामीणों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बारिश में लोगों को आवागमन करने मे परेशानी न हो इसलिए शासन के द्वारा सड़क निर्माण का कार्य किया जाता है लेकिन ठेकेदार के द्वारा सड़क निर्माण कार्य कछुएं की चाल में बनाए जाने के कारण जगह-जगह पर कीचड़ एवं पानी निकासी के लिए कोई सुदृढ़ व्यवस्था नही की गई है जिसका खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ रहा है। सड़क निर्माण के दौरान जगह-जगह आधा-अधूरा छोडे. जाने के कारण लोगों को परेशानियां हो रही है। सड़क निर्माण के चलते बस स्टेण्ड तालाब में तब्दील हो गया है। कमल, लोचन टोण्डर जनपद सदस्य, जय देवांगन सरपंच ग्राम पंचायत सेतगंगा, निरंजन टोंडर उप सरपंच सेतगंगा, नरेन्द्र जायसवाल, नीरज केशरवानी, नारायण शर्मा, अखिल टोण्डर, कन्हैया आदि ने समाधान की मांग की है।





आधे-अधूरे सड़क निर्माण के चलते बस स्टैण्ड बना तालाब एवं अधूरे निर्माण के चलते सड़क में गड्ढ़े।

## कबीर के 627 वें प्राकट्य दिवस पर शोभायात्रा

**करगी रोड कोटा।** सदगुरू श्री कबीर साहेब जी के 627 वें प्राकट्य दिवस पर सतलोकी लछमी दास मानिकपुरी के स्मृति में मानिकपुरी पनिका समाज व आदि मानिकपुरी कबीर पंथ शुद्धाचारी सेवा समिति द्वारा शोभायात्रा, झांकी व आमिन माताओं द्वारा कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें सर्व समाज के लोगों ने हिस्सा लिया।



शोभायात्रा में सत्यनाम का झंडा लहराया गया और जयकारा के साथ तुलसी कौशिक निज सहायक मुख्यमंत्री विष्णु देव साय उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा कबीर साहेब के दोहे बोलकर महिमा का बखान किया। कार्यक्रम में प्रबल प्रताप सिंह, वेंकट अग्रवाल, रंगनादम मुदलियार, सुषमा सिंह बेटी पढाओ बढाओ पदेश कार्यसमिति सदस्य, नपं अध्यक्ष अमृताप्रदीप कौशिक, ऊषा गोस्वामी, अमरनाथ साहू, गंगीया बाई, विकास सिंह, अध्यक्ष अंबिका मानिकपुरी, सीता, बैजती, मालती, शैल, कमलेश, पारवती, अंजू, राजकुमारी, कचरीबाई मानिकपुरी, कार्यक्रम संयोजक अरून दास, संरक्षक भगवान, सीतल, पुन्नी, आदित्य, बालक, अमन, भगवान दास ङगनीया व मानिकपुरी कबीर पंथ समाज के लोग उपस्थित थे।

### कोटसागर में सदगुरु कबीर प्राकट्य दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया



कबीर कुटी कोटसागर में सदगुरु कबीर प्राकट्य दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। महंत सुखमदास द्वारा गुरु महिमा पाठ किया गया। तत्पश्चात ब्लाक अध्यक्ष भरतदास एवं कबीर कुटी अध्यक्ष रविप्रकाश तथा महंत के द्वारा संयुक्त रूप से ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का शुभारंभ कर करगीकला से पधारे रमेशदास साहेब एवं मुन्नादास साहेब खुरदुर द्वारा कबीर भजन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर नपं कोटा अध्यक्ष श्रीमती अमृता प्रदीप कौशिक, पार्षद श्रीमती उषा गोस्वामी ने सद्गुरु कबीर साहेब की जीवनी व सिध्दांत पर विचार व्यक्त किए। महंत सुखमदास, दीवान सुमिरनदास साहेब द्वारा सात्विक चौका-आरती पश्चात भोजन भंडारा व्यवस्था समाजसेवी लखनदास मौहारखार ने किया। कार्यक्रम को सफल करने में भरतदास, रघुनंदनदास, शिवराम दास, जयरामदास, भोलादास, मंगलदास साहेब, विष्णुदास, रविप्रकाश, प्रेमेन्द्र मानिकपुरी, शम्भूदास मानिकपुरी, सतीशदास, सागर दास, चंद्रप्रकाश, भोलादास, शेखर दीवान का योगदान रहा। इस अवसर पर लक्ष्मीनारायण दुबे, गोविंद दास, प्रकाशदास, आदि उपस्थित रहे।

### लघु व्यवसाय के लिए ऋण हेतु आवेदन आमंत्रित

**मुंगेली।** अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के इच्छुक युवाओं से अंत्योदय एवं आदिवासी स्वरोजगार योजना के तहत लघु व्यवसाय के लिए ऋण हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया है। योजना के तहत प्रति इकाई अधिकतम 50 हजार रूपए ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। आवेदक की उम्र 18 से 50 वर्ष के बीच होनी चाहिए तथा वार्षिक आय 1 लाख 50 हजार से कम होना चाहिए। इसके साथ ही आवेदक को किसी बैंक या शासकीय संस्था का ऋणी या बकायादार नहीं होना चाहिए। जिला अंत्यासायी सहकारी विकास समिति के कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि इच्छुक व्यक्ति अपने समस्त जानकारी जैसे शैक्षणिक योग्यता, जाति, आय, निवास, राशनकार्ड, आधार कार्ड, तीन पासपोर्ट साइज के फोटो आदि के साथ जिला कलेक्टोरेट स्थित कार्यालय अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति और संबंधित जनपद पंचायत, नगर पालिका, नगर पंचायत में सम्पर्क कर आवेदन प्राप्त कर सकते हैं।

## उत्पादन सर्टिफिकेट के अभाव में 56 दिन से सिंघाली खदान में कोयला उत्खनन बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल कोरबा क्षेत्र के सिंघाली खदान को आचार संहिता समाप्त होने के बाद भी अब तक कोयला खनन के लिए छत्तीसगढ़ पर्यावरण प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से सीटीओ का प्रमाण पत्र नहीं मिल सका है। खदान में लगभग 600 कोल कर्मी कार्यरत हैं। उक्त कर्मचारी 8-8 घंटे की तीन शिफ्टों में खदान में काम करते हैं। कुछ कर्मचारी खदान के कार्यालय में भी कार्यरत हैं। जब से खदान में काम बंद है तब से प्रबंधन को इन कर्मियों को बिना काम के वेतन देना पड़ रहा है। रोजाना आर्थिक क्षति का सामना करना पड़ रहा है।

■ छत्तीसगढ़ पर्यावरण प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से नहीं मिला सर्टिफिकेट

उल्लेखनीय है कि लोकसभा चुनाव में अधिकारियों की व्यस्तता के कारण सर्टिफिकेट मिलने में देरी हुई। लोकसभा चुनाव परिणाम आने के बाद 5 जून को चुनाव आयोग द्वारा आचार संहिता भी समाप्त कर दी गई। बावजूद इसके एसईसीएल को पाल्यूशन कंट्रोल बोर्ड से सीटीओ प्रमाण पत्र नहीं मिल रहा है। इससे सिंघाली में कोयला खनन का संकट पैदा हो गया है। एक तरफ हाजिरी लगाकर मजदूर काम किए बिना लौट जा रहे हैं तो दूसरी ओर उत्पादन नहीं होने से कंपनी की आर्थिक स्थिति खराब हो रही है। इस स्थिति में कंपनी को दो-दो मोर्चों पर नुकसान



उठाना पड़ रहा है। खदान के भीतर पंप चलाने या इलेक्ट्रिक जैसे अन्य महत्वपूर्ण कार्यों के लिए ही कंपनी काम करा पा रही है। 28 अप्रैल से इस खदान से कोयला उत्पादन बंद है। सीटीओ प्रमाण पत्र राज्य पाल्यूशन कंट्रोल बोर्ड की ओर से कोयला कंपनी को खनन के लिए दिया जाता है। यह प्रमाण पत्र हर साल रेन्यूअल होता है। वर्तमान में प्रमाण पत्र की वैधता 27 अप्रैल को खत्म हो चुकी है, तब से यहां से कोयला खनन बंद हो गया है। 56 दिन का समय बीत गया है लेकिन सीटीओ प्रमाण पत्र एसईसीएल को नहीं मिला है। इससे कंपनी का स्थानीय प्रबंधन परेशान है। चाहकर भी मेन पावर का इस्तेमाल खनन के लिए नहीं कर पा रहा है। एसईसीएल की सिंघाली कोयला खदान से हर माह औसत 24 हजार टन कोयला उत्पादन होता है। प्रतिदिन औसत 600 से 700 टन कोयला निकलता है। जब से खदान में उत्पादन ठप है तब से खदान के भीतर फेस पर कोयला खनन का कार्य भी बंद है। खदान के भीतर चलने वाली भारी मशीनें खड़ी है।

## क्षेत्र में हल्की बारिश के बाद किसान खेतों की ओर जाने लगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

क्षेत्र में पिछले एक सप्ताह से हल्की बारिश के बाद किसान खेतों की ओर जाने लगे है। खेत जोताई के लिए ट्रैक्टर की मांग बढ़ गई है। आषाढ़ माह लगते ही खेतों में खुर्रा बोनी कर चुके हैं। उनके आधे से ज्यादा खेतों में सूखी बुआई हो चुकी है। पंप सुविधा वाले किसान खेतों में रोपाई के लिए नर्सरी तैयार करने में जुटे हुए हैं।

अंचल में पिछले 15 जून से ही बारिश ने अपनी दस्तक दे दी है। रूक-रूक कर हो रही बारिश के पश्चात किसान खेती किसानी के कार्य में जुट गए है। वर्षा ऋतु के आगमन से किसान हल्की सी बारिश होते ही खेतों में धान बोआई का कार्य प्रारंभ कर दिए है। क्षेत्र में धान बोआई एवं रोपाई दोनों ही पद्धति से किसान धान की खेती करते है। पुरान के कृषक कृष्ण कुमार परिहार ने बताया कि कुछ दिन पूर्व गर्मी के दिनों में हुई बारिश से खेतों में उग आए घास-फूस को हटाने किसानों ने जोताई की थी। अब किसानी के लिए वर्षा हो रही है तो धान बोआई होगा। वर्षा ऋतु के पहले खेत की जोताई करने से घास तो खत्म होता ही है साथ में मिट्टी की उर्वरा शक्ति बढ़ जाती है। किसानों ने बताया कि पिछले वर्ष अतिवृष्टि के चलते किसान रोपाई नहीं कर पाए थे। इसलिए इस वर्ष बोआई पद्धति से धान बोआई करने में अधिक रूचि दिखा रहे है। जिनके पास पानी का पर्याप्त साधन हो उन्ही के लिए रोपा पद्धति अनुकूल रहता है। अंचल के अधिकतर किसान मानसून पर निर्भर रहते है। खुर्रा बोनी के बाद किसानों को तेज बारिश का बेसब्री से इंतजार रहता है। आषाढ़ लगते ही अंचल के किसानों नौतपा और पंचक शुरू होते ही ने अपने खेतों में धान बीज का बारिश का सिलसिला प्रारंभ हो छिड़काव कर खुर्रा बोनी प्रारंभ कर जाता है। आषाढ़ लगने के बाद किसान खुर्रा बोनी कर चुके हैं। बोनी के बाद बुंदाबांदी प्रारंभ हुई है जिसे देखते हुए किसान अब अच्छी बारिश का इंतजार कर रहे है। बारिश होते ही बीजों में अंकुरण हो जाता है। आषाढ़ लगते ही बारिश का अभाव में बीज खराब हो सकते हैं।



खेत जोताई करते किसान।

सूखी बोनी करने वाले अधिकतर किसान मानसून पर निर्भर रहते हैं। भरपूर पानी मिलने से नर्सरी का ग्रोथ अच्छा हो रहा है। 28 दिनों के बाद खेतों की मताई कर रोपाई करेंगे। किसानों ने बताया कि असिंचित क्षेत्रों के खेतों में सूखी बुआई हो चुकी है। पखवाड़े भर बाद भी बीजों में अंकुरण नहीं आया है। जमीन की नमी खत्म हो गई है, इसलिए खेतों को पानी की सख्त आवश्यकता है। तेज बारिश होने पर ही धान के पौधों का ग्रोथ होगा। पौधों के बड़े होने पर ही रासायनिक खाद और दवाई का छिड़काव होगा।

#### बिजनेस साइट

## अस्थिर बाजारों में मल्टी-एसेट निवेश फायदेमंद रहेगा

**बिलासपुर।** अधिकांश निवेशक अपने पोर्टफोलियो में अस्थिरता को नापसंद करते हैं और एक निश्चित सीमा तक स्थिरता और पूर्वानुमान को प्राथमिकता देते हैं। इसलिए, घरेलू चुनाव परिणामों, वैश्विक स्तर पर भू-राजनीतिक तनाव और धीमी वैश्विक वृद्धि के कारण इक्विटी बाजारों में हाल ही में हुई अस्थिरता ने कई निवेशकों को भ्रमित कर दिया है कि क्या बाजारों में निवेशित रहना चाहिए या अपने निवेश को भुनाना चाहिए।

ऐसे सभी निवेशकों के लिए, मल्टी-एसेट निवेश पर ध्यान देने वाला एक पहलू है। जैसा कि नाम से पता चलता है, यह एक ऐसी रणनीति है जिसमें आपके निवेश को किसी खास एसेट क्लास आधारित जोखिमों को कम करने के लिए विभिन्न एसेट वर्गों में आवंटित किया जाता है। यहांएसेट वर्गों में इक्विटी, डेट, सोना, रियल एस्टेट उपकरण आदि शामिल हैं। एक विविधतापूर्ण एसेट आवंटन किसी विशेष एसेट वर्ग में तीव्र गिरावट के प्रभाव को कम करने में मदद करता है। किसी को यह समझने की आवश्यकता है कि जब बाजार चक्र, जोखिम से रिवॉर्ड अनुपात और मूल्य गतिशीलता की बात आती है तो विभिन्न एसेट वर्ग अलग-अलग होते हैं। उदाहरण के लिए, ऐसे समय में जब इक्विटी दबाव में होती है, तो डेट स्थिरता प्रदान करता है जबकि सोना मुद्रास्फीति के खिलाफ एक मजबूत बचाव प्रदान करता है। इसी तरह, ऐसे समय भी होते हैं जब इक्विटी असाधारण रूप से अच्छा प्रदर्शन करती है जबकि अन्य एसेट वर्ग सीमित रह सकते हैं।



**सुमीत थारवानी**
म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर, बिलासपुर

इसलिए, मल्टी-एसेट निवेश दृष्टिकोण निवेशकों को उनके बाजार चक्रों में सभी एसेट वर्गों के लाभ अधिकतम रिटर्न के साथ प्रदान करने का प्रयास करता है। हालांकि, निवेश की इस शैली ने ऐतिहासिक रूप से अपनी प्रभावशीलता साबित की है और कई बाजार चक्रों के बावजूद निवेशकों को अमीर बनाया है। निवेशकों के लिए इस रणनीति का पालन करना अक्सर मुश्किल होता है। अज्ञानता और समय की कमी इसके पीछे प्रमुख कारक हैं।

यहीं पर मल्टी-एसेट म्यूचुअल फंड काम आते हैं। एक विशेषज्ञ निवेश टीम द्वारा प्रोफेशनल रूप से प्रबंधित, ऐसी योजना तीन या अधिक एसेट वर्गों में निवेश करेगी। वास्तव में, इस पेशकश में निवेश करके, एक निवेशक को एक अच्छी तरह से विविधतापूर्ण पोर्टफोलियो तक पहुंच मिलती है।

इस कैटेगरी में सबसे पुरानी ऑफर्स में से एक आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल मल्टी-एसेट फंड है। 21 से अधिक वर्षों के ट्रैक रिकॉर्ड के साथ, इस फंड ने शुरुआत से ही 21.39 प्रतिशत का मजबूत रिटर्न दिया है। 31 मई, 2024 तक फंड ने एक वर्ष में 31.57 प्रतिशत का प्रभावशाली रिटर्न और तीन वर्षों और पांच वर्षों में क्रमशः 22.24 प्रतिशत, 19.45 प्रतिशत का काफी अच्छा और प्रभावशाली रिटर्न दिया है।

24 JUNE -BSP- pg- 6_Layout 1 6/25/2024 12:49 AM Page 1



## खबर संक्षेप

### चिंगराजपारा शराब दुकान में पथराव

**बिलासपुर।** चखना दुकान में कार्रवाई कराने से नाराज युवतियों व युवकों ने चिंगराजपारा स्थित शराब दुकान में पथराव कर जमकर तोड़फोड़ कर मैनेजर व कर्मचारियों से मारपीट कर दी। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, चिंगराजपारा शराब दुकान के पास एक मकान में रहने वाले लोग चखना दुकान चला रहे थे। पिछले दिनों आबकारी विभाग द्वारा उनके चखना दुकान में कार्रवाई की गई थी। इससे नाराज होकर चखना दुकान चलाने वाले परिवार की युवतियों व युवकों ने शराब दुकान चलाने वाले पर कार्रवाई कराने का आरोप लगाकर मैनेजर व कर्मचारियों से विवाद किया। उक्त परिवार के लोगों ने आक्रोशित होकर शराब दुकान में जमकर पथराव शुरू कर दिया। मैनेजर व कर्मचारियों ने बीच बचाव किया तो उनके साथ जमकर मारपीट की गई। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर विवाद शांत कराया। देर रात तक मैनेजर घटना की रिपोर्ट लिखाने थाने में बैठे हुए थे। टीआई तोप सिंह नवरंग ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### फोटो वायरल करने वाला युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** नाबालिग से छेड़खानी कर इंस्टाग्राम में उसकी फोटो वायरल करने वाले युवक को तीन माह बाद पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सिरगिट्टी पुलिस के अनुसार, तीन माह पूर्व 5 अप्रैल को क्षेत्र की रहने वाली 17 वर्षीय नाबालिग के साथ कीर्तिनगर निवासी चंदन उर्फ बब्बू गोस्वामी पिता साधु गोस्वामी 20 साल ने छेड़खानी कर शारीरिक संबंध बनाने के लिए दबाव बनाया। नाबालिग उसके चंगुल से छूटकर भाग गई। इस पर युवक ने नाबालिग को बदनाम करने के लिए उसकी फोटो इंस्टाग्राम में वायरल कर दिया। जानकारी होने पर नाबालिग ने घटना की जानकारी परिजन को दी। परिजन ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। घटना के बाद आरोपी युवक बिहार भाग गया था। तीन माह फरारी काटने के बाद आरोपी चंदन उर्फ बब्बू गोस्वामी घर लौटा। सूचना मिलने पर टीआई विजय चौधरी, केशव मार्को ने घर में दबिश देकर आरोपी चंदन उर्फ बब्बू गोस्वामी को गिरफ्तार कर लिया है।

### किसान के सूने मकान से जेवर व 50 हजार चोरी

**बिलासपुर।** दिनदहाड़े किसान के सूने मकान में चोरों ने धावा बोलकर सोने चांदी के जेवर व 50 हजार रुपए सहित 2 लाख का सामान चोरी कर लिया है। दूसरे दिन भी पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई है। रतनपुर पुलिस के अनुसार लखराम कुधरीपारा निवासी किसान नारायण साहू पिता भुलउराम साहू, उसकी पत्नी रूखमणी साहू 23 जून की सुबह 8.30 बजे घर के अंदर दरवाजे में ताला लगाकर खेत चले गए। इसी दौरान सूने मकान का फायदा उठाकर चोरों ने उनके घर में धावा बोलकर संदूक का ताला तोड़कर सोने की माला, लाकेट, चांदी का लच्छा, दो जोड़ी पायल, 4 नग बिछिया व 50 हजार रुपए सहित 2 लाख रुपए सामान चोरी कर लिया है। दोपहर में वे खेत से घर लौटे तो ताला टूटा मिला और अंदर सामान बिखरा पड़ा हुआ था। संदूक में रखे जेवर व नकद रकम की चोरी हो गई थी। श्री साहू ने चोरी की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर खानापूर्ति कर ली है।

### सड़क हादसे में घायल युवक की मौत, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से घायल युवक की इलाज के दौरान रायपुर में मौत हो गई है। पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सकरी पुलिस के अनुसार, कोटा क्षेत्र के ग्राम नगचुवा निवासी महेश गंधर्व 17 जून को काम से बिलासपुर आए थे। काम निपटाने के बाद दोपहर 1.50 बजे बाइक क्रमांक एमपी 04 एनजेड, 9851 से गांव लौट रहे थे। कानन पेंडारी ट्यूलिप गार्डन के सामने से आ रहे तेज रफ्तार वाहन क्रमांक सीजी 28 एन, 6231 के चालक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में श्री गंधर्व गंभीर रूप से घायल हो गए थे। डायल 112 से उन्हें इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया। उनकी स्थिति को देखते हुए रायपुर रिफर कर दिया गया था। परिजन के द्वारा उन्हें इलाज के लिए रायपुर में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई है। पुलिस ने भाई परमेश्वर गंधर्व की रिपोर्ट पर वाहन चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

# उसलापुर रेलवे स्टेशन में 2 साल बाद भी नहीं बन पाई सेकेंड एंट्री

**वर्तमान में यहां तीन प्लेटफार्म, जिनमें 35 से अधिक ट्रेनें रूकती हैं, प्लेटफार्म का भी नहीं हुआ विस्तार**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रेलवे उसलापुर रेलवे स्टेशन को शहर का दूसरा महत्वपूर्ण स्टेशन बनाने पिछले कई सालों से प्रयास कर रही है। यहां करोड़ों रूपए खर्च कर कई काम कराए जा रहे हैं,लेकिन दो साल में यहां सेकेंड एंट्री का काम शुरु भी नहीं हो सका है।

- 2 प्लेटफार्म में 35 से अधिक ट्रेनें रूक रहीं, यात्रियों को नहीं मिल पा रही सुविधा

रेलवे डीआरएम और जीएम ने कई बार उसलापुर स्टेशन का निरीक्षण भी किया, इसके बाद भी यहां प्लेटफार्म का विस्तार भी नहीं हो पाया है। 1 मई 2023 से यहां कटनी रूट पर चलने वाले अधिकांश ट्रेनों का ठहराव हो रहा है, परंतु यहां ये सफर करने वाले यात्रियों को सुविधा नहीं मिल पाई है। वर्तमान में यहां एक ही एंट्री है। लोगों को यहीं से आना जाना पड़ता है। इसके कारण लंबी दूरी की ट्रेन आने पर यहां भीड़ लग जाती है। रेलवे स्टेशन के दूसरे छोर पर रहने वालों को घूमकर आना जाना पड़ता है।

### नया प्लेटफार्म भी नहीं बन पाया

रेलवे अफसर भले ही उसलापुर स्टेशन का स्वरूप बदलने और इसे बड़े स्टेशन का रूप देने के दावे कर रहे हैं, लेकिन आज भी यहां से सफर करने वाले यात्रियों को कोई सुविधा नहीं मिल रही है। यहां दूसरे छोर से यात्री प्रवेश द्वार के साथ ही ट्रैक नंबर सात पर एक और प्लेटफार्म बनाने की योजना है। इसके बनते ही शहर के इस दूसरे प्रमुख रेलवे स्टेशन में चार प्लेटफार्म हो जाएंगे। वर्तमान में यहां तीन प्लेटफार्म हैं, जिनमें 35 से अधिक ट्रेनें रूकती हैं। जिसके कारण यहां ट्रेनों के ठहराव का समय भी सीमित है।

### ओवरब्रिज से घूमकर जा रहे लोग

उसलापुर स्टेशन के उस पार बड़ी आबादी रहती है। इस स्टेशन में अधिक ट्रेनों के रुकने से लोगों को काफी राहत मिली है। लेकिन सेकेंड एंट्री नहीं बनने के कारण उन्हें ओवरब्रिज से घूमकर रेलवे स्टेशन तक पहुंचना पड़ता है। दूसरे छोर से प्रवेश प्रारंभ होने से लोगों की यह परेशानी खत्म हो जाएगी। यहां दूसरा प्रवेश द्वार बनाने के साथ टिकट घर, पार्किंग, लिफ्ट, एप्रोच रोड, चौड़े फुट ओवरब्रिज का विस्तार और स्टेशन यार्ड की रिमाडलिंग भी किया जाना है।



### उसलापुर में डेवलपमेंट का चल रहा काम

उसलापुर स्टेशन को डेवलप करने के लिए काम कराया जा रहा है। 6-7 महीने में यहां काम पूरा हो जाएगा। सेकेंड एंट्री के साथ ही शहर के दूसरे स्टेशन के रूप में यहां यात्रियों को बेहतर सुविधा मिलेगी।

**- विकास कश्यप**
सीपीआरओ रेलवे।

### अमृत भारत योजना, काम कुछ नहीं

उसलापुर स्टेशन को अमृत भारत योजना में शामिल कर यहां यात्री सुविधाओं का विस्तार किया जाना है। लेकिन अमृत भारत के नाम पर यहां केवल लीपा-पोती की जा रही है। वर्तमान में पुराने प्लेटफार्म को तोड़कर यहां पत्थर लगाया जा रहा है। इसी तरह पुराना शेड का मरम्मत करने के अलावा स्टेशन के बाहर लोहे के खंभे गड़ाकर उसमें कलाकृति बनाने की तैयारी चल रही है, लेकिन नए निर्माण के नाम पर यहां कुछ भी नहीं हो पा रहा है।

**महिलाओं ने पुराने पुल पर बैठकर आधा घंटा चक्काजाम किया, आवागमन रहा प्रभावित**

# आवास की मांग को लेकर चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

चांटीडीह मेलापारा के कुछ लोगों ने आवास की मांग को लेकर सोमवार को अरपा के पुराने पुल पर चक्काजाम कर दिया। इसके चलते करीब आधा घंटा तक आवागमन प्रभावित रहा और लोग परेशान हुए, वहीं पुलिस व निगम अधिकारियों की समझाइश के बाद लोगों ने चक्काजाम समाप्त किया।

- पुलिस, निगम अधिकारियों की समझाइश के बाद समाप्त हुआ चक्काजाम

नगर निगम द्वारा चांटीडीह मेलापारा में अवैध रूप से कच्चा मकान बनाकर रह रहे लोगों को हटाया जा रहा है और उन्हें दूसरी जगहों के आवासों में शिफ्ट किया जा रहा है। इसके साथ ही कच्चे मकानों को खाली कराने के बाद तोड़फोड़ की कार्रवाई की जा रही है। निगम द्वारा चांटीडीह मेलापारा में तोड़फोड़ की कार्रवाई का आज चौथा दिन था। एक तरफ निगम का अमला कच्चे मकानों को तोड़ने और वहां मकानों से परिवारों को अन्य जगहों पर शिफ्ट कराने में लगे हुए थे, वहीं मेलापारा के कुछ लोग वहां विरोध में हल्ला मचाने लगे, उसके बाद कुछ लोगों की भीड़ शाम करीब साढ़े चार बजे पुराना पुल पहुंच गई, यहां लोगों ने चक्काजाम कर दिया। इसमें भीड़ में शामिल महिलाएं पुल पर धरना में बैठ गईं, उन लोगों द्वारा आवास की मांग की जा रही थी। चक्काजाम के चलते पुराना पुल पर करीब आधे घंटे तक आवागमन प्रभावित हुआ और लोग चक्काजाम की वजह से परेशान हुए।



चांटीडीह मेलापारा में तोड़फोड़ का विरोध करने सोमवार को राम सेतु पुल पर चक्काजाम करती महिलाएं।

### गरीबों पर अत्याचार करने वाली निर्दयी सरकारः शैलेष

मेलापारा में हो रहे तोड़फोड़ का विरोध करते हुए विधायक शैलेष पांडेय ने कहा कि सरकार के अधिकारी जनता से झूठ बोल रहे हैं कि सभी को मकान देंगे। विधानसभा चुनाव में बीजेपी के नेताओं ने जनता से झूठ बोलकर वोट माँगा था कि आपके मकानों पर बुलडोजर नहीं चलेगा। न जाने कितने परिवार ऐसे हैं जिनके घरों को सरकार तोड़ रही है और उनको बेघर कर दिया है। आज उन सभी परिवारों को सड़क पर उतरना पड़ा है। उन्होंने कहा कि बारिश में छोटे-छोटे मासूम बच्चों को ये कहाँ लेकर जाएंगे। ये बीजेपी सरकार बेदर्द और निर्दयी हो गई है। ग़रीबों पर अत्याचार करने वाली सरकार बन गई है।

### चौथे दिन 100 से अधिक मकान तोड़े गए

चांटीडीह मेलापारा में आज तोड़फोड़ कार्रवाई का चौथा दिन रहा। आज भी वहां 100 से अधिक मकानों को ढहाया गया। इससे पूर्व उन मकानों में रहने वाले परिवारों से उनका सामान खाली कराकर उन्हें दूसरी जगह के आवास में शिफ्ट कराया गया। चांटीडीह मेलापारा स्लम एरिया में लगातार चार दिनों से तोड़फोड़ की कार्रवाई चल रही है, अभी तक वहां पर 500 से अधिक कच्चे, पक्के मकानों को ढहाया जा चुका है।



### दी गई है समझाइश

चांटीडीह मेलापारा में कच्चे मकानों में रहने वालों को वहां से हटाकर आबंटित आवासों में शिफ्ट किया जा रहा है और कच्चे मकानों को तोड़ा भी जा रहा है। आज कुछ लोगों द्वारा आवास की मांग को लेकर कुछ देर के लिए चक्काजाम किया गया था जिन्हें समझाइश दी गई है और सर्वे सूची में उनका नाम का परीक्षण भी कराया जाएगा। कई लोग वहां किराए पर मकान लेकर रह रहे थे उनके द्वारा भी अब आवास मांगा जा रहा है।

**-खजांची कुम्हार**, अपर आयुक्त नगर निगम

**कन्फर्म बर्थ के लिए मारामारी**

# ट्रेनों में वेटिंग टिकट वाले यात्रा करते पकड़े जा रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

ट्रेनों में वेटिंग टिकट पर यात्रा करने वाले अब कंफर्म टिकट वालों के लिए सिरदर्द बन गए हैं। ये बर्थ पर कब्जा जमाने के साथ ही यात्रियों से विवाद करने लगे हैं। ऐसी दर्जनों शिकायत रेलवे के अफसरों को प्रतिदिन मिल रही है, जिसके बाद अब रेलवे ने वेटिंग टिकट पर सफर करने वालों पर कार्रवाई करनी शुरू कर दी है।

- 115 से अधिक ट्रेनों के रद्द होते ही बाकी ट्रेनों में बढ़ने लगी भीड़, स्लीपर और एसी कोच में घुस रहे वेटिंग टिकट वाले

रेलवे के नियमों के अनुसार कोई भी व्यक्ति वेटिंग टिकट पर यात्रा नहीं कर सकता है, लेकिन अधोसंरचना और विकास कार्य के नाम पर इन दिनों रेलवे ने बड़ी संख्या में यात्री ट्रेनों को रद्द कर दिया है। ऐसे में जो ट्रेनें चल रही हैं। उनमें यात्रियों की भीड़ बढ़ गई है। सीमित ट्रेन होने के कारण लोग अब वेटिंग टिकट पर भी सफर कर रहे हैं। ये यात्री जहां भी खाली सीट दिखती है, वहां कब्जा जमा लेते है। जब उस सीट का कंफर्म टिकट लेकर यात्री पहुंचता है तो विवाद शुरू हो जाता है।

### 100 से 150 वेटिंग

रेलवे में अब स्लीपर क्लास के डिब्बों की संख्या घट रही है और एसी क्लॉस के डिब्बों की संख्या बढ़ रही है। इसका असर सामान्य वर्ग पर सीधा पड़ रहा है। जो स्लीपर क्लास में यात्रा करते हैं। इन यात्रियों की वेटिंग लिस्ट 100 से 150 तक पहुंच जाती है। ये वेटिंग टिकट वाले ही ट्रेनों में भीड़ बढ़ा रहे हैं। जबकि रेलवे ने वेटिंग टिकट को स्लीपर और एसी कोच में नो एंट्री का नियम बना रखा है।

### जून-जुलाई में 115 से अधिक ट्रेनें रद्द

पश्चिम मध्य रेलवे भोपाल रेल मंडल के मालखेड़ी-महादेवखेड़ी रेलवे स्टेशनों के बीच दोहरीकरण रेललाइन का कार्य किया जा रहा है। इन दूसरी लाइन को मालखेड़ी रेलवे स्टेशन से जोड़ने का काम 16 जून से 10 जुलाई के बीच किया जाएगा। इसके साथ ही अन्य मंडलों में भी अधोसंरचना और विकास कार्य के नाम पर रेलवे ने जून और जुलाई महीने के बीच 115 से अधिक यात्री ट्रेनों को रद्द कर दिया है, जिसके चलते इन दिनों ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ बढ़ रही है और उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



### वेटिंग वालों को सफर करने का अधिकार नहीं

वेटिंग टिकट लेकर ट्रेन में यात्रा नहीं की जा सकती है। जांच के दौरान टीटीई कार्रवाई करते हुए उन्हें ट्रेन से उतार देंगे। वेटिंग टिकट पर यात्रा करने का कोई भी अधिकार नहीं होता। बल्कि ऐसे टिकटधारी काउंटर पर जाकर अपना 100 प्रतिशत रिफंड ले सकते हैं। लेकिन इमरजेंसी है और दो में से किसी एक का टिकट कंफर्म है तो दूसरा सफर कर सकता है।

**- अनुराग सिंह,** सीनियर डीसीएम रेलवे

# हत्या का बदला लेने फरसा से हमला, मां की गोद में बैठे 6 माह के बच्चे के सिर में लगी चोट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दादी के हत्या का बदला की नीयत से पड़ोसी युवक ने घर में घुसकर महिला पर फरसा से हमला कर दिया। महिला ने बचने की कोशिश की तो गोद में बैठे 6 माह के बेटे के सिर में चोट लग गई। घायल बच्चे को सिम्स में भर्ती कराया गया है।

मस्तूरी पुलिस के अनुसार, ग्राम भदौरा निवासी सुरेश राठौर का पड़ोसी अमन रात्रे पिता रामेश्वर रात्रे 26 साल के परिवार के साथ विवाद चल रहा था। जनवरी 2024 में राठौर परिवार के सदस्य की तबियत खराब होने पर जादू टोना का आरोप लगाकर राठौर परिवार के लोगों ने अमन रात्रे की दादी की हत्या कर दी थी। उसके बाद दोनों परिवार के बीच आपसी विवाद चल रहा था। बताया जाता है सोमवार की शाम 5 बजे सुरेश राठौर की पत्नी राजरानी राठौर अपने 6 माह के बेटे ओम राठौर को गोद में लेकर घर के अंदर खिला रही थी। इसी दौरान अमन रात्रे नशे में हाथ में फरसा रखकर उनके घर में घुस गया और गाली गलौज करते हुए श्रीमती राठौर पर फरसा से हमला कर दिया। श्रीमती राठौर बचने की कोशिश की तो फरसा उनके 6 माह के बेटे ओम के सिर में लगा, जिससे उनका बेटा खून से लथपथ हो गया। उसके बाद फिर अमन रात्रे फरसा से हमला किया तो श्रीमती राठौर खून से लथपथ बेटे व दो अन्य बच्चों को लेकर घर से बाहर निकलकर भाग गई और आसपास के लोगों को सूचना दी। लोगों के द्वारा गंभीर रूप से घायल बच्चे को इलाज के लिए मस्तूरी स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। बच्चे की स्थिति को देखते हुए सिम्स रिफर कर दिया गया। परिजन के द्वारा घायल बच्चे को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है।



सिम्स में भर्ती घायल बच्चा।

### ग्रामीणों ने थाना घेरा

बच्चे पर जानलेवा हमला के बाद गांव में आक्रोश फैल गया। नाराज ग्रामीण मस्तूरी थाने का घेराव कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग करने लगे। थाने का घेराव करने पर शहर के थानेदार बल के साथ मस्तूरी पहुंच गए।

### हमलावर हिरासत में

वारदात के बाद हमलावर पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस ने घेराबंदी करते हुए दौड़ाकर उसे पकड़ लिया।

### बदला लेने किया हमला

पूर्व में दादी की हत्या का बदला लेने के लिए आरोपी युवक नशे में घर में घुसकर महिला पर फरसा से हमला कर दिया। महिला ने बचने की कोशिश की तो गोद में बैठे 6 माह के बेटे के सिर पर चोट लगी है। बच्चे को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। हमलावर को हिरासत में ले लिया गया है।

**-अवनीश पासवान** मस्तूरी टीआई

### दोस्त को प्रेमिका से मिलाने गए युवक की जमकर पिटाई

**बिलासपुर।** दोस्त को प्रेमिका से मिलाने आए युवक को अन्य युवकों ने पकड़ लिया और उसकी जमकर पिटाई कर दी। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।
सकरी पुलिस के अनुसार, जयरामनगर निवासी सनम सिंह कुर्रे पिता भागीरथी कुर्रे अपने दोस्त अभिषेक, प्रमोद, युवराज के साथ शादी में चुचुहियापारा आया था। शादी में शामिल होने के बाद रात 12 बजे वह दोस्तों के साथ अभिषेक को उसकी प्रेमिका से मिलाने के लिए सकरी बटालियन आवासपारा लेकर गया। अभिषेक अपनी प्रेमिका से मिलने चला गया। प्रमोद व युवराज कुछ दूर में खड़े थे। सनम कुर्रे बाइक लेकर आवासपारा के पास अकेले खड़ा था। इसी दौरान आवासपारा निवासी आकाश लहरे अपने अन्य साथियों के साथ आया और यहां लड़कीबाजी करने आए हो कहकर गाली गलौज कर डंडा, पत्थर से मारपीट कर दी। पुलिस ने सनम कुर्रे की रिपोर्ट पर हमलावरों के खिलाफ धारा 294, 323, 506, 34 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

# एक माह में निगम ने होर्डिंग्स से कमाए 54 लाख

**बिलासपुर।** नगर निगम द्वारा अवैध होर्डिंग्स खिलाफ चलाए गए अभियान का असर दिखने लगा है। नगर निगम ने होर्डिंग्स से एक माह में 54 लाख का राजस्व प्राप्त किया है। वहीं निगम ने अभियान के दौरान 300 से अधिक छोटे-बड़े होर्डिंग्स खिलाफ कार्रवाई की है और कई लोगों पर जुर्माना भी किया है।

- अवैध होर्डिंग्स के खिलाफ कार्रवाई का असर

नगर निगम द्वारा शहर सहित सभी जोन एरिया में अभियान चलाकर अवैध होर्डिंग्स खिलाफ पिछले दिनों लगातार कार्रवाई की गई है। शहर में लगे अवैध और असुरक्षित होर्डिंग्स खिलाफ कार्रवाई का असर दिखने लगा है। एक माह की कार्रवाई में नगर निगम को अब तक 54 लाख रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ है। यह राशि निगम को पुराना बकायादा और अवैध होर्डिंग्स के वैध कराने पर मिला है। इनसे 31 से अधिक अवैध होर्डिंग्स मालिकों ने अपने होर्डिंग्स को विधिवत रूप से वैध कराया है। निगम कमिश्नर अमित कुमार के निर्देश पर पिछले एक माह से अवैध होर्डिंग्स और बैनर पोस्टर के खिलाफ नगर निगम ने अभियान छेड़ा हुआ है। निगम की यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। इससे पहले निगम कमिश्नर अमित कुमार ने सभी रजिस्टर्ड विज्ञापन एर्जेसियों की बैठक लेकर उनके द्वारा लगाए गए होर्डिंग्स का सत्यापन, स्ट्रक्चर सर्टिफिकेट और बीमा पालिसी जमा करने के निर्देश दिए थे। सर्टिफिकेट और अन्य कागजात जमा नहीं करने पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई थी, जिसके बाद विज्ञापन एजेंसी और होर्डिंग्स संचालकों ने सर्टिफिकेट जमा किया था और अपने अवैध होर्डिंग्स को वैध कराए। नगर निगम ने अभियान दौरान एक माह में 300 से अधिक अवैध छोटे-बड़े होर्डिंग्स और बोर्ड के खिलाफ कार्रवाई करते हुए हटाया है। इसके अलावा चौक-चौराहों में लगने वाले बैनर पोस्टर को भी हटाने लगातार कार्रवाई की जा रही है। निगम कमिश्नर अमित कुमार ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा था कि होर्डिंग्स जहां लगा है वहां सुरक्षा मानकों का ध्यान रखते हुए उसका इंतजाम करें। आकाशीय बिजली आंधी तूफान और अन्य तरह की होने वाली दुर्घटनाओं से जनहानि न हों यह सुनिश्चित करें। जनहानि होने पर एजेंसी जिम्मेदार होंगे और उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्पेशल ट्रेन से



21 दिसंबर से 31 दिसंबर 2024
सबसे कम राशि पर
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग,
श्री तिरूपति बालाजी,श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग,
श्री कन्याकुमारी, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी
राशि :- स्लीपर 16500/- 3 एसी-27,500/- 2 एसी 30,500/- (+5% GST)
Since-2007
Jai Mata Di
Shree Tripur Tirth Yatra Samiti
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411